


दैनिक

# सांध्य प्रकाश

भोपाल की धड़कन



भारत-श्रीलंका तीसरा टी-20 आज

वर्ष 52/ अंक 154/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 7 जनवरी 2023 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in


सांध्यप्रकाश विशेष

## एनआरआई दिवस: आयोजन ऐसा हो कि लोग याद रखें: चौहान



**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि इन्दौर में 8 से 10 जनवरी तक प्रवासी भारतीय दिवस के कार्यक्रम का आयोजन ऐसा हो कि लोग याद रखें। प्रवासी भारतीय अच्छी स्मृतियाँ लेकर वापस जाएँ। कार्यक्रम में कोई कमी नहीं छोड़ी जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान आज रात्रि में निवास से प्रवासी भारतीय दिवस की तैयारियों की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से अंतिम समीक्षा कर रहे थे। कॉन्फ्रेंसिंग में अपर मुख्य सचिव श्री मोहम्मद सुलेमान ने तैयारियों की जानकारी दी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन प्रवासी भारतीयों के समक्ष मध्यप्रदेश की खूबियाँ बताने का दुर्लभ अवसर है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि कार्यक्रम जीरो डिफेक्ट के साथ हो। व्यवस्थाओं के संबंध में अगर कोई बात ध्यान में आती है तो तत्काल मुझे अवगत कराएँ, जिससे उसे समय पर पूरा किया जा सके। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि ग्लोबल गार्डन का कार्यक्रम 8 जनवरी को करें, जिसमें पौधे लगाने का कार्य होगा। उन्होंने कहा कि योगा का कार्यक्रम 10 जनवरी को करें। प्रवासी भारतीय दिवस के कार्यक्रम में 9 जनवरी को प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और 10 जनवरी को राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मु का आगमन होगा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया और टीम मध्यप्रदेश को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपने कर्त्तव्य-पथ पर डटे हुए हैं। अगर कोई आवश्यकता हो तो मैं फोन पर भी उपलब्ध रहूंगा।

अपर मुख्य सचिव मोहम्मद सुलेमान ने अवगत कराया कि इन्दौर शहर की साफ-सफाई हो गई है। शहर के सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूरा हो गया है। कार्यक्रम में युवाओं को आमंत्रित किया गया है। सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रदर्शनी की व्यवस्थाएँ भी पूरी कर ली गई हैं। विभिन्न व्यवस्थाओं के प्रभारी अधिकारी और लाइजनिंग अधिकारी अपने-अपने कार्यों का अच्छे से निर्वहन कर रहे हैं।

## मामा कोचिंग क्लास



कार्तिकेय शिवराज सिंह चौहान की कोचिंग क्लास के माध्यम से युवा नेतृत्व में मामा ब्रांड के साथ एंट्री। ये शिवराज परिवार को नए नेतृत्व के साथ लोगों को भावनात्मक रूप से जोड़ने का सबसे अच्छा तरीका है। आशा है कि भाजपा भाजपा नेताओं के बच्चों को पार्टी टिकट के लिए विचार करेगी। यही नहीं कार्तिकेय बीजेपी नेताओं की अगली पीढ़ी का भी नेतृत्व कर सकते हैं।

## सफल पुरुष के पीछे औरत का नहीं, इनका होता है हाथ...

देश के वरिष्ठ आईएएस जीपी उपाध्याय का मानना है कि एक सफल पुरुष के पीछे स्त्री का हाथ नहीं होता है बल्कि पापा की बेल्ट और मम्मी की झाड़ू होती है। देश के जाने माने आईएएस जीपी उपाध्याय का एक ट्वीट इन दिनों खूब



वायरल हो रहा है. उन्होंने वायरल हो रहे ट्वीट में एक पुरुष के सफल होने का राज बताया है.वैसे तो दुनिया में परचलित कहावत यह है कि एक पुरुष के सफल होने के पीछे एक महिला का हाथ होता है, लेकिन आईएएस जीपी उपाध्याय ने कहा कि एक सफल या कामयाब पुरुष के पीछे किसी औरत का हाथ नहीं, बल्कि पापा की बेल्ट और मम्मी की झाड़ू होती है।

आईएएस उपाध्याय का यह ट्वीट सोशल मीडिया पर छाया हुआ है. अब तक इस ट्वीट को 2 लाख से ज्यादा यूजर्स देख चुके हैं. इसी के साथ ट्वीट को हजारों लोग लाइक कर चुके है और लोग लगातार इसे रीट्वीट कर रहे हैं. इस ट्वीट पर काफी कमेंट आ रहे हैं, जो काफी मजेदार हैं. लोगों इन्हें पढ़कर अपनी हंसी नहीं रोक पा रहे हैं।

बता दें कि आईएएस जीपी उपाध्याय के ट्विटर पर 13 हजार से ज्यादा फॉलोअर्स हैं. फिलहाल आईएएस जीपी उपाध्याय सिक्किम सरकार में कैबिनेट सचिव के पद पर तैनात हैं और वहां अपनी सेवाएं दे रहे हैं। वहीं, एक दर्शक ने कमेंट करते हुए लिखा कि कि 'हम यूपी वाले हैं, हमारे यहां तो पापा का लठ्ठ और मम्मी का बेलन चलती है.' वहीं, दूसरे ने लिखा कि समय से बेल्ट, चप्पल, बेलना और झाड़ू मिलना भी सौभाग्य की बात है. इसे तरह के मजेदार के कमेंट से कमेंट बॉक्स भरा हुआ है. आप भी जाकर पढ़ें ये मजेदार कमेंट्स। बता दें कि जीपी उपाध्याय 1987 बैच के वरिष्ठ आईएएस अधिकारी हैं।

# फरवरी माह में आएगी प्रदेश की युवा नीति: चौहान

## स्टार्टअप से जुड़े सफल युवाओं का मुख्यमंत्री के साथ हुआ चर्चा सत्र

**भोपाल।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि स्टार्टअप से जुड़े प्रदेश के युवाओं की प्रतिभा का प्रदेश हित में उपयोग किया जाएगा। ये सफल उद्यमी अपनी तरह अन्य युवाओं को अपने स्वयं के उद्योग व्यवसाय प्रारंभ करने के लिए तैयार करेंगे। प्रदेश की युवा नीति के निर्माण में भी स्टार्टअप से जुड़े सफल युवाओं सहित अन्य युवाओं से प्राप्त सुझावों को आधार बनाया जाएगा। प्रदेश की युवा नीति सुविचारित होगी। इसे अंतिम रूप देने के पहले महत्वपूर्ण सुझावों को शामिल किया जाएगा। यह नीति इस माह घोषित होने थी, लेकिन इसे फरवरी माह में सामने लाया जाएगा।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रवासी भारतीय दिवस और ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के प्रति युवा भी उत्साहित हैं। इन कार्यक्रमों में युवा बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। प्रदेश की




प्रतिभाओं को कुंठित नहीं होने दिया जाएगा। जीआईएस में विभिन्न क्षेत्रों में संभावित निवेश का आकलन कर कुशल मानव संसाधन तैयार करने का कार्य होगा। औद्योगिक संस्थानों द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण दिलवाने पर भी ध्यान दिया जाएगा। प्रदेश में करीब 2600 स्टार्टअप्स पंजीकृत हैं। इसके साथ ही 40 से अधिक इन्क्यूबेटर्स काम कर रहे हैं। प्रदेश की स्टार्टअप पॉलिसी आने के पश्चात 11 माह में अच्छे परिणाम सामने आए हैं। एक हजार से अधिक स्टार्टअप बेटियां लीड कर रही हैं। नई नीति के तहत स्टार्टअप्स को सहायता भी मंजूर की गई है। अनेक युवाओं ने अपने परिश्रम और प्रतिभा के बल पर शासन द्वारा उपलब्ध लाभकारी प्रावधानों का उपयोग कर सफलता हासिल की है।

### ध्यान से सुने युवाओं के सुझाव, नोट भी किए

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज अनेक सफल युवाओं से चर्चा की जो विभिन्न क्षेत्रों में स्टार्टअप से जुड़े हैं, इनमें चाय-सुट्टा बार के अनुभव दुबे, आनंद नायक, राहुल पाटीदार, किराना शॉप के तनुतेजस सारस्वत, रैक बैंक के नरेन्द्र सेन, मुस्कान ड्रीम के अभिषेक दुबे, सुपर सोर्सिंग के मयंक प्रताप सिंह और अदिति चौरसिया और के.स्टार के कुणाल शामिल हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान कैलीफोर्नियां में सफलतापूर्वक व्यवसाय कर रहे कुणाल से भी वीडियो काल पर बातचीत की।



पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कमलनाथ के आवास पर कांग्रेस के जिला प्रभारियों एवं सह प्रभारियों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ कर रहे हैं। प्रभारी महासचिव जयप्रकाश अग्रवाल ने बैठक को संबोधित किया। बैठक में उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर, महामंत्री राजीव सिंह सहित प्रदेश भर के जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी मौजूद रहे।



## विधायक अजय विश्नोई का तंज, मंत्री उषा ठाकुर को नहीं महाकौशल-गोंडवाना की संस्कृति की परवाह...

**जबलपुर।** वर्ल्ड रामायण कांफ्रेस में प्रदेश की संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर की गैरमौजूदगी को लेकर कांफ्रेंस के अध्यक्ष और विधायक अजय विश्नोई ने तंज कसते हुए कहा कि जब मालवा और इंदौर में सभी संस्कृति उपलब्ध है तो महाकौशल और गोंडवाना की संस्कृति की परवाह क्यों की जाए। दूसरी ओर कार्यक्रम को वर्चुअली संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि श्रीराम और रामायण के बिना देश जाना नहीं जा सकता है। रामायण ने दुनिया के बड़े हिस्से को प्रभावित किया है। उन्होंने ट्वीट कर




कहा कि जबलपुर में वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस का आयोजन है। संस्कृति मंत्रालय इसका सहयोगी है, संस्कृति मंत्री उषा ठाकुर को उद्घाटन में आना था। वे नही आईं, ठीक भी है जब सभी संस्कृति इंदौर व मालवा में उपलब्ध है, तो गोंडवाना व महाकौशल की संस्कृति की परवाह क्यो की जाए?

## गुजरात का होना बन सकता है पाटिल के अध्यक्ष बनने की राह में रोड़ा!

**नई दिल्ली।** भाजपा का नया राष्ट्रीय अध्यक्ष कौन होगा, इस बारे में खुलासा मकर संक्रांति के उपरांत ही हो पाएगा, किन्तु गुजरात प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष सी.आर. पाटिल के गृह नक्षत्र उन्हें भाजपा के इस शक्तिशाली पद पर काबिज होने के संकेत देते जरूर दिख रहे हैं। भाजपा के एक बड़े नेता ने पहचान उजागर न करने की शर्त पर समाचार एजेंसी ऑफ इंडिया से चर्चा के दौरान बताया कि भाजपा के शीर्ष पदों पर विराजमान नेता तो सी. आर. पाटिल को भाजपाध्यक्ष बनाने के लिए बहुत ज्यादा संजीदा हैं, पर उनका गुजरात का होना उनके लिए सबसे बड़ी बाधा बनकर उभर रहा है।



उक्त नेता ने इस बात के संकेत भी दिए कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह केंप के कुछ भाजपा नेता पिछले दिनों संघ के सबसे ताकतवर समझे जाने वाले दत्तात्रेय होसबोले से भेंट करने गए थे, और उन्होंने सी. आर. पाटिल को अध्यक्ष बनाने की बात पर उनका और संघ का मत जानना चाहा था।

उक्त नेता का कहना था कि दत्तात्रेय होसबोले से हुई बातचीत से यही प्रतीत हो रहा था कि वे सी. आर. पाटिल की कार्यप्रणाली से संतुष्ट हैं। उक्त नेता की मानें तो दत्तात्रेय होसबोले ने उनसे मिलने गए नेताओं से कहा था कि सी. आर. पाटिल एक अच्छे, कुशल और सफल भाजपाध्यक्ष साबित हो सकते हैं, क्योंकि उनसे आम कार्यकर्ता बहुत ही आसानी से मिल सकता है। वे बहुत व्यवहार कुशल व्यक्ति हैं। उक्त नेता ने आगे कहा कि दत्तात्रेय होसबोले ने उनसे मिलने गए नेताओं को मशविरा दिया है कि सी. आर. पाटिल को भाजपाध्यक्ष जैसे पद पर बिठाने के लिए कुछ समय इंतजार करना श्रेयस्कर होगा, क्योंकि पहले ही गुजरात मूल के दो व्यक्ति (नरेंद्र मोदी और अमित शाह) शीर्ष पदों पर विराजमान हैं। इन परिस्थितियों में उसी राज्य से भाजपाध्यक्ष का चुनाव या मनोनयन बहुत अच्छा संदेश नहीं देगा। उन्होंने आगे बताया कि दत्तात्रेय होसबोले ने यहां तक कहा कि भले ही सी. आर. पाटिल का जन्म महाराष्ट्र में हुआ हो, पर पाटिल की कर्मभूमि गुजरात ही रही है। इन परिस्थितियों में कम से अगले आम चुनाव (2024) तक तो जगत प्रकाश नड्डा को ही भाजपा की कमान धारित किए रहना चाहिए। कुल मिलाकर संकेत इसी तरह के मिलने लगे हैं कि जेपी नड्डा को एक कार्यकाल और दिया जा सकता है।

# मांडू उत्सव का उद्घाटन 7 को या 11 को.. दो कार्ड बंटे

**धार।** जिले की पर्यटक नगरी मांडू में 7 जनवरी से 11 जनवरी तक 5 दिवसीय मांडू उत्सव मनाया जा रहा है। पिछले कुछ सालों की तरह इस साल इसका जिम्मा इवेंट कंपनी के पास है। इस सांस्कृतिक आयोजन को लेकर हमेशा से ही इवेंट कंपनी की मनमानी और लापरवाही के कारनामे सामने आते रहते है। इस वर्ष भी शुभारंभ में ही कुछ ऐसा ही होता दिखाई पड़ रहा है। संस्कृति मंत्री को ऐसी गलतियों से कोई लेना-देना नहीं। वो केवल उद्घाटन, भाषण तक ही सीमित रहती हैं।







मांडू उत्सव को लेकर जो आमंत्रण पत्र पत्रकारों और जनप्रतिनिधियों को प्रेषित किए गए है उनमें बताया गया है कि मांडू उत्सव का उद्घाटन 11 जनवरी 2023 दोपहर साढ़े 3 बजे कॉन्सर्ट डिस्ट्रिक्ट, जामा मस्जिद में प्रदेश की पर्यटन संस्कृति एवं अध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर के मुख्य आतिथ्य में होगा। आयोजन के विशिष्ट अतिथि के रूप में उद्योग मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, सांसद छतरसिंह दरबार होंगे।

जिला पंचायत अध्यक्ष सरदारसिंह मेडा, सभी विधानसभा क्षेत्र के विधायक और मांडव नगर पंचायत की अध्यक्ष मालती जयराम गावर का नाम अतिथि के रूप में है। मांडू उत्सव 7 से 11 जनवरी तक होना है, ऐसे में कार्ड में उद्घाटन समारोह 11 जनवरी को होना लोगों को असमंजस डाल रहा है। जिन्हें कार्ड मिला वे सोच रहे हैं कि क्या उद्घाटन का दिन ही अंतिम दिन होगा। खामियों में भरे इस इनविटेशन कार्ड में कई गलतियां है। एक बड़ी गलती यह है कि पर्यटन मंत्रालय, मध्यप्रदेश लिखा गया है, जबकि राज्यों में विभाग होते हैं न कि मंत्रालय! लगता है इवेंट कंपनी के लोगों में सामान्य समझ का भी अभाव है। असलियत ये है कि ये आयोजन 11 जनवरी को ही होना था। लेकिन, इंदौर में आयोजित प्रवासी भारतीय सम्मेलन के कारण इसकी तारीख आनन-फानन में बदली गई। क्योंकि, विदेश से आने वाले प्रवासियों को भी 'मांडू उत्सव दिखाना है! अब ये बात अलग है कि उन्हें ये मालवा, निमाड़ और आदिवासियों की कौनसी संस्कृति दिखाएंगे!


SFP



अजय चौरे (प्रमोटर)

सौंसर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड

किसान उद्यम दिवस

रविवार, दिनांक 8 जनवरी 2023, स्थान रिधोरा, जिला छिंदवाड़ा

आपको अत्याधीक हर्ष के साथ आमंत्रीत करते है, क्योकी हम कृषी क्षेत्र मे नये आयाम स्थापीत करने जा रहे है । किसानो के फल, सब्जीया, दुध एवं अन्य उत्पादो को उचित दाम मिलने हेतू केंन्द्र सरकार की योजनातंर्गत सौंसर एफ.पी.ओ. की शुरुवात होने जा रही है । आपकी गरीमामय उपस्थिती हमे गौरन्वावीत करेंगी ।

कार्यक्रम

सुबह ९ से १२ बजे तक — संपर्क : अमोल रगारे 9755447752, रोशन गावंडे 7024626504 — संविधान पर प्रश्नपत्र (विद्यार्थीयों के लिये) पुरस्कार वितरण विधाता चेरीटेबल ट्रस्ट भोपाल द्वारा आयोजित (भोजन)

दोपहर १२ से ३ बजे तक — संपर्क : अनिकेत चौरे 8007756060, यश राऊत 9325826420, भूषण महाजन 7999926913 — किसान संगोष्टी शेअर सर्टीफिकेट वितरण सौंसर F.P.O. द्वारा (भोजन)

दोपहर ३ से ५ बजे तक — संपर्क : निलेश खडाइत 9370258311, राजेंद्र ठाकरे 9131686561 — संतरांचल की धार्मीक सामाजीक संस्थाओ के प्रबोधनकारो, प्रतिनिधीयो का सत्कार N.G.O. एवं मिडीया कर्मीयो का सत्कार (भोजन)

प्रयास

कार्यक्रम के अतिथि एवं मार्गदर्शक

एन.एम. कसपटे
NMK1 गोल्ड वेराइटी सीताफल के जनक सोलापूर

राहुल परमार जी
मध्यप्रदेश के सबसे बड़े मत्स्य बीज उत्पादक मालवा फीश हेचरी के संचालक

निवेदक
यामिनी अनिकेत चौरे

एक दवा निराली, 15 सेकंड की ताली- अरुण ऋषिएक दवा निराली, 15 सेकंड की तालीः अरुण ऋषि

# आरोग्य केन्द्र में आयुष्मान भवः के संस्थापक ने सिखाई स्वस्थ रहने की कला





**संत हिरदाराम नगर।** आरोग्य केन्द द्वारा 3 जनवरी से दस दिवसीय रोग निवारण एवं प्रशिक्षिण मासिक शिविर का आयोजन किया गया था। जिसके अंतर्गत उज्जैन स्थित आयुष्मान भवः ट्रस्ट के संस्थापक अरूण ऋषि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। विगत कई वर्षों से उन्होंने न्यास के द्वारा लोगों को निरोग एवं स्वस्थ रहने की कला सिखाई है। सन 1997 से अब तक पूरे विश्व में 2700 से ज्यादा शिविर किए है। उन्होंने बताया की एक दवा निराली, 15 सेकंड की ताली इसी माध्यम से स्वस्थ रह सकते है। उन्होंने एक विशेष तरीके से सभा को ताली बजाना सिखाई, जिससे व्यक्ति हमेशा निरोगी रह सकता है। भोजन कैसे करे, कब करे और क्या खायें यह विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि जितना कम खाते है उतनी लंबी हमारी आयु होती है, जो दिन में एक बार खाता है वह योगी है, जो दो बार खाए वह भोगी, जो तीन बार खाए वह रोगी और जो चार बार खाए वह महा रोगी। अरुण ऋषि ने यह भी बताया की व्यक्ति की दैनिक दिनचर्या केमिकल रहित होनी चाहिए जेसे टूथपेस्ट की जगह सरसों का तेल, नमक और हल्दी के मिश्रण का प्रयोग, साबुन की जगह, बेसन दूध एवं नीबू के रस का प्रयोग, शैम्पू की जगह, काली मिट्टी या खट्टे दही का प्रयोग इत्यादि करना चाहिए।



**भोपाल। लिंक रोड एक पर स्थित गुलाब उद्यान में गुलाब प्रदर्शनी की तैयारी को अंतिम रूप दिया गया। प्रदर्शनी आज शुरू हो रही है।**

## सिविल सेवा तैराकी प्रतियोगिता में मप्र ने 5 पदक हासिल किए

भोपाल । नई दिल्ली में अखिल भारतीय सिविल सेवा तीन दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता का आयोजन 5 जनवरी से शुरू की गई जिसमें मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने 5 पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया । अखिल भारतीय सिविल सेवा की तीन दिवसीय तैराकी प्रतियोगिता वर्ष 2022-2023 नई दिल्ली में दूसरे दिन शुक्रवार 6 जनवरी 2023 को हुई प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश सिविल सर्विसेज तैराकी टीम के डॉ विक्रम बाथम 50 रजत पदक, मनोज करैया 50रू कांस्य पदक, डॉ नेहा बघेल कांस्य पदक, स्मिता शर्मा छ्द्धङ्क- ढ्ढह्लत्र 1 रजत पदक, समीर हरदास,- कांस्य पदक हासिल किए। सभी खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदक प्राप्त किये एवं मध्यप्रदेश राज्य को गौरवान्वित किया टीम के कोच रविंद्र सिंह मंडलोई एवं टीम मैनेजर शुभ्रो चौधरी एवं अन्य साथी खिलाड़ियों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## सेवा सदन अस्पताल को स्व. रामलाल दीवान के नेत्रों का दान



**संत हिरदाराम नगर।** संत नगर निवासी 97 वर्षीय रामलाल दीवान का देहावसान 4 जनवरी को हो गया। रामलाल के पुत्र अनिल कुमार दीवान ने अपने पिता की आंखें, सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को दान में दे दीं है। स्व. रामलाल के नेत्र, अब दो जरूरतमंद दृष्टिबाधित व्यक्तियों को प्रत्यारोपित किए जाएंगे। सेवा सदन अस्पताल ने अभी तक 1963 दृष्टिबाधित लोगों को निःशुल्क नेत्र प्रत्यारोपित कर नेत्र ज्योति प्रदान की है। ट्रस्टी एल.सी. जनियानी ने दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना और परिवार जन के प्रति स्वजन के नेत्रों का दान करवाने पर कृतज्ञता प्रकट की है।

### अग्निवीर भर्ती सेना ऑनलाइन ट्रायल टेस्ट परीक्षा 9 को

**भोपाल ।** भारतीय सेना में अग्निवीर बनने के लिए ऑनलाइन ट्रायल टेस्ट 9 जनवरी को आयोजित किया जा रहा है। एआरओ कार्यालय भोपाल द्वारा बताया गया कि अग्निवीर भर्ती परीक्षा में पूर्व में आवेदन जमा करने वाले अभ्यार्थियों की ऑनलाइन ट्रायल टेस्ट परीक्षा ली जा रही है।

## नसरूल्लागंज और शाहगंज में मामा कोचिंग क्लास का शुभारंभ

भोपाल । मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है शहर हो या ग्राम, सभी जगह के बच्चों में प्रतिभा और क्षमता होती है। यदि सही दिशा मिल जाए तो वे चमत्कार कर सकते हैं। परिश्रम से सफलता के पथ पर आगे बढ़ना आसान होता है। मुख्यमंत्री चौहान सीहोर जिले के दो नगरों नसरुल्लागंज और शाहगंज में मामा कोचिंग क्लासेस के शुभारंभ समारोह को वर्चुअल संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि विद्यार्थियों को मनोयोग पूर्वक अध्ययन का परामर्श दिया। नसरुल्लागंज और शाहगंज में निःशुल्क कोचिंग मिलने से प्रसन्न विद्यार्थियों ने मुख्यमंत्री श्री चौहान का हर्ष ध्वनि से स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने दो बालिकाओं कु अनीता पवार और कु.आयुषी विश्वकर्मा से चर्चा भी की। कार्यक्रम में कार्तिकेय सिंह, निर्मला, प्रतिभा और अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

### जनप्रतिनिधि प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित हुए

भोपाल । जिले के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधियों का प्रशिक्षण वर्ग सम्पन्न हुआ। सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास कैलाश सारंग की उपस्थिति में प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ किया। प्रशिक्षण वर्ग में महापौर मालती राय, सांसद साध्वी प्रज्ञा सिंह ठाकुर, विधायक रामेश्वर शर्मा व कृष्णा गौर, निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी सहित महापौर परिषद के सदस्यगण, पार्षदगण सहित भोपाल जिले के नगरीय निकायों के जनप्रतिनिधिगण व अन्य गणमान्य नागरिक सम्मिलित हुए।

## मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल में व्यावसायिक कौशल प्रशिक्षण का सफल आयोजन



**संत हिरदाराम नगर।** शहीद हेमू कालानी एजूकेशनल सोसायटी की संस्था मिठी गोबिन्दराम पब्लिक स्कूल के ऑडिटोरियम में ''नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020'' के अंतर्गत नवीन शिक्षा पद्धति में बैगलैस-डे का आयोजन किया गया। इस शिक्षा प्राणाली द्वारा छात्रों को पुस्तकों के भार से मुक्त कर सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक ज्ञानार्जन करने हेतु प्रेरित किया गया।

विद्यालय के भौतिक विज्ञान के शिक्षक अंकित यादव एवं संस्था के कर्मचारी गणेश यादव द्वारा विद्यार्थियों को घरों में प्रयुक्त बिजली के तारों के प्रयोग जिसमें ए.सी. वॉल्ट, डी.सी. वॉल्ट, फ्यूज एवं एम.सी.बी. संबंधी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही वित्तीय साक्षरता संबंधी मूलभूत जानकारी वाणिज्य संकाय के शिक्षक सुमित अरोरा द्वारा छात्रों को भारतीय रिजर्व बैंक, सरकारी व सहकारी एवं निजी बैंकों की कार्य प्राणाली, पासबुक संबंधी बचत खाता एवं चालू खाता के नियमों की जानकारी, बैंकों से पैसों का लेन-देन से संबंधी दस्तावेजों को भरने से संबंधित जानकारी साझा की गई।

## असाधारण एवं उत्कृष्ट प्रतिभाओं को कबीर कोहिनूर सम्मान



**भोपाल।** सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ीखाटू, छापरी डूंगरी, संत कबीर नगर के संस्थापक अध्यक्ष भारत भूषण महंत डॉ नानकदास महाराज जी,पूर्व केंद्रीय टी बोर्ड सदस्य वाणिज्य एवं उधोग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 5 फरवरी 2023 को नई दिल्ली में पूरे भारत वर्ष से चयनित असाधारण एवं उत्कृष्ट प्रतिभाओं को कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित किया जाना है।

यह सम्मान समारोह भारत के महान संत कबीर साहेब जी के 505 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर सभी भारतीयों द्वारा संत कबीर साहेब की अमरवाणी को आत्मसात करके एक सुदृण और संस्कारित समाज बनाने में अपना योगदान देकर भारत वर्ष को एक सुनहरा भारत बन रहे है। कबीर कोहिनूर सम्मान 5 फरवरी 2023 को डॉक्टर अंबेडकर अंतराष्ट्रीय केंद्र ,जनपथ पर दिया जाएगा इस सम्मान में भामाशाह प्रकृति पर्यावरण सुरक्षा गौ सेवा अनुकरणीय सरकारी सेवा हिंदी भाषा प्रचार प्रसार पत्रकारिता कबीर गायन नशा मुक्ति समाज सेवा एवं साहित्यकार आदि विभिन्न श्रेणियों में पूरे देश में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 100 असाधारण व्यक्तियों को यह सम्मान दिया जाना है मध्य प्रदेश से विधि विशेषज्ञ के लिए अधिवक्ता माया मदकोरिया को यह सम्मान दिया जा रहा है*सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान द्वारा कंबल वितरण सतगुरु कबीर आश्रम सेवा संस्थान बड़ी खाटू राजस्थान संस्था द्वारा ठंड से लोगों को बचाव के लिए हमीदिया रोड स्टेशन एवं बैरागढ़ क्षेत्र में कंबल वितरण की गई सद्गुरु आश्रम सेवा संस्थान संस्था से जुड़ी अधिवक्ता माया मदकोरिया ने बताया कि सदगुरु कबीर सेवा संस्थान बड़ी खाटू राजस्थान द्वारा समाज के प्रति नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए यह सब कार्य किए जाते हैं

# निगम मुख्यालय भवन के निर्माण कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करें : निगमायुक्त



भोपाल । निगम आयुक्त ने निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और निगम मुख्यालय भवन के बेसमेंट, भूतल तथा प्रथम तल में प्रचलित सभी कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा प्रथम तल पर डाली जा रही छत के कार्यों की गति को तेजी से बढ़ाने व प्रचलित कार्यों को शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

निगम आयुक्त के.वी.एस.चौधरी ने शुक्रवार को सेकण्ड स्टॉप तुलसी नगर के पास निर्माणाधीन निगम मुख्यालय भवन का निरीक्षण किया और अधिकारियों से निर्माण कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने बेसमेंट एवं भूतल में प्रचलित सभी कार्यों को तीव्र गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा प्रथम तल पर डाली जा रही छत के कार्य को भी तेज गति से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री चौधरी ने निगम मुख्यालय भवन की बाउण्ड्री वाल, रिटर्निंग वाल के निर्माण कार्यों व छत की ढ़लाई का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त शाश्वत मीणा एवं मुख्य अभियंता पीके जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

00000000000

## निगम की आवंटन शर्तों का उल्लंघन करने पर 12 दुकानों का किया आवंटन निरस्त

भोपाल । नगर निगम प्रशासन द्वारा दुकानों के भूभाटक की राशि जमा न कर आवंटन की शर्तो का उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही निरंतर की जा रही है। इसी तारतम्य में नगर निगम द्वारा दुकान किराये/भूभाटक की राशि जमा न करने तथा आवंटन की शर्तों का उल्लंघन करने पर जोन क्रमांक 01 के बैरागढ़, मल्टीलेवल पार्किंग संत हिरदाराम नगर, जोन 02 का पूराना कबाड़ खाना, जोन 05 का तिलक मार्केट ईतवार, रायल मार्केट, जोन 06 में अम्बेडकर नगर, जोन 10 के मीट मार्केट जहांगीराबाद, जोन 11 के एशबाग स्टेडियम तथा जोन 15 के रानी अवंती बाई ट्रआसपोर्ट नगर व इन्द्रपुरी क्षेत्र की कुल 12 दुकानों/भूखण्ड का आवंटन निरस्त करने की कार्यवाही की गई है। निगम आयुक्त श्री के.वी.एस.चौधरी ने जोन क्रमांक 01, 02, 03, 06, 10, 11 तथा जोन क्रमांक 15 के जोनल अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उक्त दुकानों/भूखण्डो के आधिपत्य 7 दिवस में निगम के पक्ष में प्राप्त करें।

## स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा एवं मॉडर्न स्कूल दिल्ली सीबीएसई नेशनल गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में



**भोपाल।** एलएनसीटी वर्ल्ड स्कूल भोपाल द्वारा आयोजित सीबीएसई नेशनल फुटबॉल अंडर 19 गर्ल प्रतियोगिता के चौथे दिन का पहला क्वार्टर फाइनल मुकाबला स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा एवं वात्सल्य इंटरनेशनल स्कूल के बीच खेला गया जिसमें स्टेप बाय स्टेप स्कूल ने वात्सल्य स्कूल को 1-0 से हराया। दिन का दूसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला विद्या देवी जिंदल स्कूल हरियाणा एवं जवाहर हाई सेकेंडरी स्कूल तमिलनाडु के बीच खेला गया जिसमें विद्या देवी जिंदल स्कूल ने 3-0 से यह मुकाबला जीता।

दिन का तीसरा क्वार्टर फाइनल मुकाबला सावित्रीबाई फूले नोएडा एवं नवरचना हाई सेकेंडरी स्कूल के बीच खेला गया संघर्षपूर्ण इस मुकाबले में दोनों ही टीमों को 0-0 से संतोष करना पड़ा इसके बाद पेनल्टी शूटआउट में सावित्रीबाई नोएडा ने नवरचना स्कूल को 5-4 से हराया दिन का चौथा क्वार्टर फाइनल मुकाबला मॉडर्न स्कूल दिल्ली और सीएस अकैडमी के बीच खेला गया जिसमें मॉडर्न स्कूल दिल्ली ने 2-0 से सीएस एकेडमी को हराया। प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल मैच दिन के सेकंड हाफ में स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा एवं विद्या देवी जिंदल स्कूल हरियाणा के बीच खेला गया। जिसमें स्टेप बाय स्टेप स्कूल नोएडा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1-0 से अपनी जीत पक्की की, स्टेप बाय स्टेप स्कूल की ओर से ऐश्वर्या ने एक गोल दागा और अपनी टीम को फाइनल में जगह दिलाई

दिन का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला सावित्रीबाई फुले स्कूल नोएडा एवं मॉर्डन स्कूल दिल्ली के बीच खेला गया इस मुकाबले में मॉर्डन स्कूल ने सावित्रीबाई को 4-0 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। मॉर्डन स्कूल की ओर से राधिका अनन्या सानवी एवं ध्वनि ने 1-1 गोल किए।

## एमएक्स स्टूडियोज ने दुबई इकोनॉमी एंड टूरिज्म के साथ एडवेंचर से भरी मिनी सीरीज 'ए स्पिन अराउंड दुबई' के लिए की साझेदारी

**भोपाल।** भारत का लीडिंग ओटीटी प्लेटफॉर्म, एमएक्स प्लेयर को विभिन्न शैलियों और प्रारूपों में आकर्षक कंटेंट के साथ अपने दर्शकों की विविध जरूरतों को पूरा करने के लिए पहचाना जाता है। एक संपूर्ण मनोरंजन पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण की दिशा में, एमएक्स स्टूडियो ने दुबई इकोनॉमी एंड टूरिज्म के साथ एक एडवेंचर से भरपूर तीन एपिसोडिक मिनी-सीरीज़ %ए स्पिन अराउंड दुबई% के लिए अपने सहयोग की घोषणा की है। जेमी और जेसी लीवर अभिनीत यह सीरीज आज (5 जनवरी 2023) से एमएक्स प्लेयर पर विशेष रूप से स्ट्रीम होगी। लोकप्रिय कॉमेडी जोड़ी और भाई-बहन, जेमी और जेसी लीवर, जो अपनी मनमौजी कंटेंट के लिए जाने जाते हैं, परिवार की छुट्टियों के दौरान रोमांच के लिए अपने पैशन को शेयर करते हैं। अपने अगले डेस्टिनेशन की तलाश में, वे दुबई को चुनते हैं, एक ऐसा शहर जो टाइमलेस एक्सपीरियंस और रोमांच प्रदान करता है। केवल, इस यात्रा में एक मोड़ आता है क्योंकि वे बिना किसी यात्रा कार्यक्रम के दुबई जाते हैं और हाथ में बस एक चरखा होता है जो यह तय करता है कि वे शहर में कहाँ जाएँगे। इस सीरीज में नौ रोमांचक स्थानों पर विचित्र गतिविधियों की पड़ताल की गई है, जो भाई-बहन अपने हास्यपूर्ण ट्विस्ट के साथ करते हैं। एक गर्म हवा के गुब्बारे में एक रेगिस्तानी सूर्योदय देखने से लेकर बुर्ज खलीफा के शानदार दृश्य के साथ एक फाउंटेन शो तक, या स्काई व्यू ऑब्जर्वेटरी की 53वीं मंजिल पर एज वॉक का अनुभव करने के लिए, मास्टर शेफ विनीत भाटिया से मिलने के लिए, जो जोड़ी के वाइब से मेल खाते हैं, जेमी और जेसी दर्शकों को दुबई के कुछ बेहतरीन स्थानों से रूबरू कराएंगे।


## ओबीसी के साथ अन्याय और जातिगत जनगणना न होना ही प्रदेश में भाजपा के अंत का कारण होगा : सूरज जायसवाल

**सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल**

जनता दल यू जबलपुर जिला कार्यकारिणी की बैठक में आज नए वर्ष में नया संकल्प नया लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसमें तय किया गया कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता दल यू अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगा साथ ही साथ हर वह सामाजिक और राजनीतिक संगठन के साथ गठबंधन करने को तैयार है जो सामाजिक न्याय और जातिगत जनगणना के मुद्दे पर जदयू की नीति के साथ सहमत होंगे प्रदेश अध्यक्ष सूरज जायसवाल ने जिला अध्यक्ष सुभाष जायसवाल को निर्देशित करते हुए कहा की वे जिले की आठों विधानसभा के अंदर बूथ स्तर पर संगठन को तैयार करने का काम पूरा करें और आदिवासी पिछड़े वर्ग की विधानसभा को प्राथमिकता के आधार पर रखें जबलपुर में जनता दल यू मजबूत स्थिति में है यहां से लोकसभा के लिए आदरणीय शरद यादव लोकसभा में चुनकर गए थे साथ ही साथ जबलपुर में मंगल पराग सोबरन सिंह और तत्कालीन जिला कटनी के साथ बच्चन नायक जी ने मजबूती के साथ समाजवादी नीतियों के तहत विधानसभा में जनहित की लड़ाइयां लड़ी जिसे आज भी जिले की जनता भूली नहीं जबलपुर को मिली सभी बड़ी सौगात जनता दल यू की ही देन है चाहे वह ट्रिपल आईआईटी हो डुमना एयरपोर्ट रेलवे जोन ऑफिस एफसीआई का सेंटर ऑफिस ब्रॉडगेज का बालाघाट में भूमि पूजन बरगी बांध की नहर का निर्माण आदि ऐसे अनेक काम है जो जो जबलपुर की जनता को सिर्फ याद भर दिलाना है वैसे भी जनता समाजवादी नीतियों के तहत नीतीश जी के द्वारा किए जा रहे कामों को मध्यप्रदेश में भी देखना चाहती है इस अवसर पर रामविशाल पाल ब्यौहारी जिला शहडोल नए भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष पद से इस्तीफा देकर जदयू की सदस्यता ग्रहण की एडवोकेट उदय कुमार साहू अपने साथियों उसके साथ जदयू में शामिल हुए।

# प्रवासी भारतीयों के लिए तैयार महानगर इंदौर





























स म्पा द की य

# जोशीमठ को लगा नरसिंह का शाप?

क्या जोशीमठ को भगवान विष्णु के छठे अवतार नरसिंह का शाप लग गया है? क्या वह अभिशप्त कथा सच है जिसका जिक्र घुमक्कड़ प्रवृत्ति के साहित्यकार राहुल सांकृत्यायन ने 1953 के अपने यात्रा संस्मरण में एक जगह किया है? क्या राजा वासुदेवका के कर्मों का फल जोशीमठ भोग रहा है? केदारखंड की सनत संहिता की वह भविष्यवाणी सच हो जाएगी क्या? जो कहती है कि नरसिंह की कमजोर होती दाईं भुजा टूटेगी और बद्रीनाथ का रास्ता हमेशा के लिए बंद हो जाएगा?

ये तमाम सवाल केवल देवभूमि उत्तराखंड के नहीं हैं, ये सवाल पूरे देश की तरफ से उठ रहे हैं, क्योंकि देवभूमि में केदारनाथ, बद्रीनाथ, गंगोत्री, यमुनोत्री और ऐसे अनेक धर्मस्थल हैं। करोड़ों लोगों की भावनाएं जुड़ी हैं। जोशीमठ के जिस्म में भूधंसाव का यह कैंसर न जाने कब से पल रहा है। कोई एकहजार साल से। लेकिन इसका पहला बड़ा लक्षण 1976 के मार्च की हल्की बारिश में दिखा। उसके शरीर पर पड़ी दरार पहली बार सबने देखी। इतनी बड़ी दरार, कि उसमें पूरा डाक बंगला समा गया था। उसी साल अप्रैल में उसके इलाज के लिए मिश्रा कमेटी बनी। कुछ सख्त हिदायतें दी गईं और सिफारिशें सुझाई गईं। लेकिन इंसानी लालच में कौन परवाह करता इस गरीब की। उसे कंकरीट के बोझ से लाद दिया गया। उसके जिस्म में एक पूरी सुरंग घुसा दी गई। वह कराहता रहा। हंसते-हंसते दर्द सहता रहा। उसकी दरारें दिनोंदिन गहरी होती रहीं।

अब उसकी पीर पर्वत सी हो गई है। जोशीमठ का सब्र अब जवाब दे रहा है। 561 घरों में दरारें आ गई हैं। इसके बावजूद एनटीपीसी के हाइडल प्रोजेक्ट की सुरंग और चार धाम ऑल-वेदर रोड (हेलंग-मारवाड़ी बाइपास) का काम रोका नहीं गया है। ये हाल तब है, जब सरकार ने इन पर तत्काल रोक लगा दी थी। इसके बाद कागजों पर काम बंद हो गया, लेकिन मौके पर बड़ी मशीनें लगातार पहाड़ खोद रही हैं। लगातार भूजल रिसाव हो रहा है। 50 हजार की आबादी वाले शहर का दिन तो कट जाता है, लेकिन रात ठहर जाती है। लोग कड़ाके की ठंड में घर के बाहर रहने को मजबूर हैं। उन्हें डर लगा रहता है कि घर कभी भी ढह सकता है। सबसे ज्यादा असर जोशीमठ के रविग्राम, गांधीनगर और सुनील वार्डों में है। यह शहर 4,677 वर्ग किमी में फैला है। सरकार ने उन परिवारों को किराए के मकान में जाने को कहा है, जिनके घर रहने लायक नहीं हैं या क्षतिग्रस्त हो गए हैं। सरकार उन्हें किराये के तौर पर हर महीने 4 हजार रुपए देगी। यह राशि 6 अगले महीने तक रिलीफ फंड से मुहैया कराई जाएगी।

परंतु सवाल वहीं का वहीं है। क्या सरकार एनटीपीसी के प्रोजेक्ट को रोक नहीं सकती? जब तमाम कमेटियां और पर्यावरण विशेषज्ञ कह रहे हैं और कह चुके हैं कि यह प्रोजेक्ट बहुत अधिक खतरनाक साबित होगा। फिलहाल मुद्दा जोशीमठ का है। यह एक शहर नहीं है, बद्रीनाथ धाम का प्रवेशद्वार माना जाता है। यानि हम स्वयं बद्रीनाथ धाम के लिए मुसीबत खड़ी कर रहे हैं। केदारनाथ में पूर्व हुआ भूस्खलन और तूफान हम देख चुके हैं। हिमालय में हो रही उथल-पुथल से कोई अनजान नहीं है। भूगर्भीय हलचल की बात लंबे समय से की जा रही है।

सरकार अधिक जर्जर और खतरनाक स्थिति में पहुंचे मकानों में रहने वालों को तो विस्थापित कर रही है, लेकिन शहर में पचास हजार लोग रहते हैं। खतरा तो पूरे शहर को है। आज नहीं कल, समस्या और बड़ी हो जाएगी। पहाड़ों के लोग खतरों का सामना करने में सिद्धहस्त हो जाते हैं, लेकिन ये समस्याएं तो इंसान ही खड़ी कर रहा है। सरकार खड़ी कर रही है। सो सबसे पहले तो एनटीपीसी के प्रोजेक्ट पर रोक लगाई जानी चाहिए। फिर सरकार को इस शहर को बचाने के प्रयास करना चाहिए। और पर्यावरण, भूगर्भ विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर पूरी देवभूमि के लिए नए सिरे से योजना बनाई जाए। कथित विकास योजनाएं देवभूमि या वहां रहने वालों के लिए ही आत्मघाती न हों, यह ध्यान रखना होगा। विकास विनाश का कारण नहीं बने, यह ध्यान रखना ही होगा। जिस तरह से सम्मेद शिखर को लेकर सरकार ने अंततः फैसला लिया, इसके लिए किसी बड़े आंदोलन या बहुत बड़ी घटना का इंतजार ठीक नहीं।

# अस्थिरता की ओर बढ़ता पाकिस्तान

ब्रह्मदीप अलूने

राष्ट्रीय शक्ति को मूल रूप से सैनिक शक्ति समझने की मध्ययुगीन और प्राचीन अवधारणा को पीछे छोड़कर दुनिया के अधिकांश देश भूगोल, प्राकृतिक साधन, औद्योगिक क्षमता, जनसंख्या, राष्ट्रीय चरित्र, राष्ट्रीय मनोबल, कूटनीति और सरकार की नीति के नूतन और दीर्घकालीन उपायों के आधार पर आगे बढ़ रहे है। वहीं इस्लामिक गणराज्य पाकिस्तान की सरकारों की नीतियां सैन्य प्रभावों से इतनी अभिशिप्त है कि लोक कल्याण की मूल मान्यताएं धराशाई हो गई है और यहीं कारण है कि देश के आंतरिक और प्रशासनिक ढांचें को आम जनता संदेह की दृष्टि से देखती है। इस समस्या को बढ़ाने में पाकिस्तान के धार्मिक और राजनीतिक संस्थाओं ने प्रमुख भूमिका अदा की है। फ़िलहाल पाकिस्तान गहरे आर्थिक और लोकतांत्रिक संकट से गुजर रहा है,जिससे भारत के इस पड़ोसी देश में अस्थिरता एक बार फिर बढ़ सकती है।

पाकिस्तान में डॉलर की किल्लत हो गई है रुपया बहुत कमजोर स्थिति में है। कृषि प्रधान देश होने के बाद भी गेंहू को विदेशों से आयात करना पड़ रहा है। महंगाई अभूतपूर्व बढ़ी है और इससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया है। पिछले आठ महीने से जारी राजनीतिक अस्थिरता और इस साल की बाढ़ ने देश को आर्थिक तौर पर बहुत नुकसान पहुंचाया है। डॉलर के मूल्य में वृद्धि के कारण वाणिज्यिक और आर्थिक घाटा बढ़ रहा है,वहीं देश के मुद्रा विनिमय के कोष में भी काफ़ी कमी आई है। पाकिस्तान को अगले कुछ महीनों के दौरान विदेशी क़र्ज़ के मद में अरबों डॉलर की अदायगी करनी है जबकि उसके केंद्रीय बैंक में फॉरेन एक्सचेंज के कोष में सिर्फ़ छह अरब डॉलर के क़रीब हैं। यह पाकिस्तान की अपनी सम्पत्ति नहीं है बल्कि चीन,संयुक्त अरब अमीरात और सऊदी अरब जैसे मित्र देशों की मदद से प्राप्त धनराशि है। वैदेशिक संबंधों को लेकर भी पाकिस्तान की कूटनीति विवादों में नजर आती है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टों का भारतीय प्रधानमंत्री को लेकर असंयमित बयान हो या अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को हद में रहने की नसीहत,पाकिस्तान के पड़ोसियों से संबंध बद से बदतर स्थिति में पहुंच गए है। बलूचिस्तान और खैबर पख्तुन्वा में आतंकी हमलों में भारी वृद्धि हुई है और इससे पाकिस्तान का आंतरिक सुरक्षा संकट गहरा गया है।

इमरान खान की सरकार को हटाकर सत्ता में आई आठ महीने पुरानी शाहबाज़ शरीफ की सरकार देश में सरकार के खिलाफ अभूतपूर्व प्रदर्शनों से परेशान है। इमरान खान ने लांग मार्च को हथियार बनाकर जनता का भरपूर समर्थन हासिल कर लिया है। इमरान ने धर्म के साथ राष्ट्रवाद का घालमेल कर लोगों की भावनाओं को आक्रामक तरीके से उभारा है,यहीं कारण है कि शाहबाज़ शरीफ और उनकी सरकार के सहयोगियों को देश और बाहर चोर चोर के नारों का विरोध झेलना पड़ रहा है।




पाकिस्तान के पूर्व सेना अध्यक्ष जनरल बाजवा की सेवानिवृत्ति की घोषणा के साथ ही आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान का युद्द विराम से हटने की घोषणा कोई संयोग नहीं है बल्कि इसे लोकतांत्रिक सरकार को अस्थिर करने की कोशिश के तौर पर भी देखा जाना चाहिए। यह भी दिलचस्प है कि तहरीक-ए-तालिबान खैबर-पख्तुन्वा सूबे में बहुत मजबूत है और यह इलाका इमरान खान की पार्टी तहरीक-ए-इंसाफ का गढ़ माना जाता है। इमरान खान के सत्ता में रहते तहरीक-ए-तालिबान ने ख़ामोशी बनाएं रखी और शहबाज़ शरीफ के सत्ता में आते ही देश के कई इलाकों में आतंकी हमलें शुरू हो गए।

पाकिस्तान इसके लिए अफगानिस्तान को जिम्मेदार ठहरा रहा है जबकि अफ़ग़ान तालिबान का कहना है कि पाकिस्तान में जो कुछ हो रहा है वह पाकिस्तान की अपनी आंतरिक समस्या है। तालिबान के सत्ता में आने के बाद पाक-अफ़ग़ानिस्तान सीमा पर हालात तनावपूर्ण रहे है। तालिबान और पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान के मजबूत संबंध रहे है। अफगान पाकिस्तान सीमा पर बाड़ को उखाड़ फेंकने और सीमा पार से पाकिस्तान के विभिन्न क्षेत्रों में हमले को लेकर पाकिस्तान अफगानिस्तान पर निशाना साधता रहा है। पाकिस्तान में कट्टरपंथी इस्लामिक शासन की मांग करने वाले आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान से पाकिस्तान की सरकार के साथ मध्यस्थता करवाने में तालिबान ने ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी, लेकिन युद्ध विराम की समाप्ति के बाद पाकिस्तान में हालात एक बार फिर तनावपूर्ण हो गए है।

तालिबान और भारत के बीच सामान्य होते रिश्तों को लेकर भी पाकिस्तान असहज है। पिछले वर्ष अफगानिस्तान के वरिष्ठ राजनीतिज्ञ अब्दुल्लाह अब्दुल्लाह,भारत की मध्यस्थता के बाद नईदिल्ली से काबुल लौटे थे और इसे तालिबान के साथ भारत के मजबूत होते संबंधों के रूप में देखा गया था। तालिबान चाहता है कि भारत की कम्पनियां अफगानिस्तान में वापस लौटकर उन विकास कार्यों को पूरा करें जिन्हें वह अधूरा छोड़कर चली गई थी। अब तालिबान ने आश्वासन दिया है कि अगर भारत अफ़ग़ानिस्तान में प्रोजेक्ट्स शुरू करता है तो भारतीयों की सुरक्षा की ज़िम्मेदारी उसकी होगी।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच डूरंड रेखा को लेकर विवाद है ही लेकिन अफगानिस्तान की तालिबान सरकार का रुख इस पर इतना कड़ा होगा,इसकी कल्पना पाकिस्तान की सेना और सरकार ने नहीं की होगी। दोनों देशों की सीमा पर इस समय गहरा तनाव है और पाकिस्तान के कई सैनिक तालिबान के हमलों में हताहत भी हुए है। दरअसल अफगानिस्तान की अस्थिरता में पाकिस्तान का बड़ा हाथ रहा है। 1990 के दशक में अफगानिस्तान की सत्ता में तालिबान की दस्तक पाकिस्तान की सैन्य और आर्थिक मदद से ही संभव हो सकी थी। तालिबान,पाकिस्तान की राजनीतिक और वैश्विक महत्वाकांक्षाओं को भली भांति जानता है और उसे पाकिस्तान का सामरिक साधन बनने में कोई दिलचस्पी नहीं है। वहीं अफगानिस्तान की आम जनता तो पाकिस्तान के मंसूबों को लेकर आशंकित रहती ही है। दूसरी तरफ अफगानिस्तान का एक बड़ा तबका शरणार्थी के रूप में पाकिस्तान में रहता है जो सस्ता मजदूर बनकर गरीब पाकिस्तानियों के रोजगार को हड़प रहा है। पाकिस्तान के आम शहरी में इसे लेकर बड़ा आक्रोश है और यह सरकार की मुश्किलें बढ़ाता है।

पाकिस्तान में डॉलर की सरकारी दर 224 से 225 रुपये तक पहुंच चुकी है और इस दावे को बल मिला है कि पाकिस्तान डिफ़ॉल्ट करने के क़रीब है। देश में डॉलर लाने वाले तीन महत्वपूर्ण स्रोत निर्यात,विदेशों से भेजी गयी मुद्रा और विदेशी पूंजी निवेश पिछले कुछ महीनों में नकारात्मक वृद्धि दर्ज कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अर्थव्यवस्था का पहिया और धीमा घूमेगा और औद्योगिक क्षेत्र में गतिविधियों में सुस्ती आने की वजह से कर्मचारियों की छंटनी हो सकती है जिससे बेरोजगारी का संकट और ज्यादा गहरा संकट है। डॉलर की अनुपलब्धता और सुरक्षा के खतरों के चलते कई बहुराष्ट्रीय कम्पनियां पाकिस्तान को छोड़कर जाने की तैयारी में है और इससे पाकिस्तान का पढ़ा लिखा तबका गुस्से में है। गरीबों का जीवन कठिन हो गया है,आटे की क़ीमत में इज़ाफ़े के अलावा बिजली, गैस और दूसरे ज़रूरी सामान का दाम भी बढ़ गया है।

ख़ैबर पख़्तूनख़्वा,पंजाब और बलूचिस्तान में तहरीक-ए-इंसाफ़ की सरकार है। शाहबाज़ शरीफ की सरकार गेहूं का संकट पैदा करने के लिए इमरान खान को जिम्मेदार ठहरा रहे है। इन सबके बीच वैश्विक बाजार में तेल की बढ़ती क़ीमतों के चलते पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार पर भारी दबाव है जो उसे संकट की कगार पर धकेल रहा है।

पाकिस्तान सीपेक को देश के भविष्य की योजना बताता है लेकिन उसका बलूचिस्तान में जिस प्रकार विरोध हो रहा है उससे यह योजना खटाई में पड़ती नजर आ रही है। चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर या सीपेक चीन के महत्वाकांक्षी बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव के तहत बनाए जा रहे व्यापारिक नेटवर्क का हिस्सा है,जिसमें सड़कों,बिजली संयंत्रो,रेलवे लाइनों और औद्योगिक क्षेत्रों का निर्माण शामिल है। बलूच लोगो इसे प्राकृतिक संसाधनों पर क़ब्ज़े की योजना के रूप में देखते है और इसीलिए वह इन इलाकों में तैनात चीनी और पाकिस्तानी सुरक्षा बलों पर हमलें करते रहे है। पाकिस्तान की सरकारें यह दावा करती है कि सीपीईसी के ज़रिए बलूचिस्तान सहित देश के बहुत से पिछड़े इलाक़ों में तरक्की दी जा सकेगी,जिससे विकास से वंचित उन इलाक़ो में ख़ुशहाली आएगी। लेकिन स्थिति इससे उलट नजर आती है। बलूचिस्तान में आने वाले ग्वादर बंदरगाह में नई मशीनरी लग रही है,सड़कों,नई इमारतों और कॉलोनियों का निर्माण हो रहा है जबकि ग्वादर के रहने वाले पीने के पानी की बूंद बूंद को तरस रहे है। चीन की कर्ज पर आधारित कूटनीति के जाल में पाकिस्तान बूरी तरह फंस चूका है। चाइना इंडेक्स के जारी किए हुए हालिया आंकड़ों अनुसार,चीन का पाकिस्तान में विभिन्न क्षेत्रों पर प्रभाव दुनिया में सबसे ज्यादा है। यह तकनीक,शिक्षा,अर्थव्यवस्था,स्थानीय राजनीति और मीडिया समेत आम आदमी को भी प्रभावित कर रहा है। चीनी कर्ज के जाल में फंसने के बाद श्रीलंका की मुश्किलों से पाकिस्तान की जनता आशंकित है. पाकिस्तान का पढ़ा लिखा तबका सरकार को चीन पर अधिक निर्भरता के खतरों से आगाह करता रहा है।

पाकिस्तान में पिछला आम चुनाव जुलाई 2018 में हुआ था और पाकिस्तान की वर्तमान नेशनल असेंबली का कार्यकाल अक्टूबर 2023 तक है। वहीं इमरान खान देश में तुरंत आम चुनाव कराने की मांग करते रहे है। पाकिस्तान में जिस प्रकार विभिन्न मोर्चो पर शहबाज़ शरीफ की सरकार विरोध को झेल रही है उससे आने वाले आम चुनावों में उसकी स्थिति बहुत खराब हो सकती है। पाकिस्तान में इमरान खान की राजनीतिक स्थिति लगातार मजबूत हो रही है और इस बात की पूरी संभावना है कि उनकी सरकार केंद्र में पूरे बहुमत से वापसी करेगी। इमरान खान शरीफ और भुट्टों परिवार पर तो भ्रष्टाचार को लेकर निशाना साधते ही रहे है लेकिन वे सेना की भूमिका पर भी सवाल खड़ा करते रहे है। देश में पहली बार यह देखा गया है कि आम जनता ने सेना के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों में भाग लिया है। जाहिर है यह वर्ष पाकिस्तान के लिए निर्णायक हो सकता है। इमरान खान को सत्ता में आने से रोकने की सत्तारूढ़ दल,अमेरिका और सेना की कोशिशें पाकिस्तान में गृहयुद्द को भड़का सकती है। बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी से परेशान आम आदमी बदलाव चाहता है और वह इमरान खान पर ज्यादा भरोसा दिखा रहा है। बहरहाल पाकिस्तान में स्थितियां बेहद विकट है और इस देश को संतुलित रखने के ईमानदार प्रयास न तो सेना कर रही है,न ही सत्तारूढ़ दल। यहां तक की जनता की आशाओं के केंद्र बने इमरान खान के इरादों पर भी पूर्ण भरोसा नहीं किया जा सकता है।

# भाजपा के नटवर सिंह है जयशंकर

**राकेश अचल**

भाजपा के नेताओ मे मुझे सुब्रह्मण्यम जयशंकर बहुत पसंद हैं। पसंद इसलिए हैं क्योंकि वे नेता नहीं बल्कि अपने विषय के विशेषज्ञ हैं और उनकी तरबियत नागपुर में नहीं दिल्ली में एक नौकरशाह परिवार में हुई।एस जयशंकर को मैं भाजपा का नटवर सिंह मानता हूं।

आपको बता दूं कि मुझे जयशंकर के अलावा विदेशमंत्री के रूप में अटल बिहारी वाजपेई और नटवर सिंह हमेशा आकर्षित और प्रभावित करते रहे।अब मैं एस जयशंकर का मुरीद हूं। भाजपा ने अपनी पूरी टीम खंगाली और जब विदेश मंत्री के लायक कोई नहीं मिला तो जयशंकर को नौकरशाह से नेता बना दिया। भाजपा के पास सुषमा स्वराज जैसा कोई दूसरा था ही नहीं।

मुझे अच्छा लगता है जब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जयशंकर पड़ोसी पाकिस्तान की बखिया तरीके से उधेड़ते हैं।एक विदेश मंत्री के रूप में जयशंकर की कामयाबी का राज ये भी है कि वे अमेरिका और चीन में वर्षों तक भारत के राजदूत रहे।वे जानते हैं कि चीन और अमेरिका पाकिस्तान के साथ कैसे रिश्ते रखते हैं?

हाल ही में भारत के विदेश मंत्री जयशंकर ने लगातार दूसरी बार पाकिस्तान पर आतंकवाद का गढ़ होने का आरोप पूरी गंभीरता से लगाया है। उनके पहले आक्षेप पर पाकिस्तान के नाबालिग विदेश मंत्री बिलाबल भुट्टो बिलबिला गये थे। उन्होंने तब इतना घटिया बयान दिया था कि दुनिया भर में उनकी फजीहत हुई थी। जयशंकर ने पिछले दिनों एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में पाकिस्तान को आतंकवाद का एपीसेंटर (केंद्र बिंदु) बताया था। ऑस्ट्रिया के सरकारी चैनल को दिए इंटरव्यू में उन्होंने कहा था कि सीमा पार आतंकवाद फैलाने में पाकिस्तान का बड़ा हाथ है और दुनिया को पाकिस्तान से सतर्क हो जाना चाहिए।

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर के इस बयान से पाकिस्तान फिर तिलमिला गया ।पाकिस्तानी विदेश कार्यालय ने बयान जारी करते हुए कहा कि भारतीय विदेश मंत्री का यह बयान पाकिस्तान को बदनाम करने और अलग-थलग करने में भारत की विफलता के बाद हताशा को दर्शाता है। पाकिस्तान ने जम्मू कश्मीर में भी भारत पर आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया है।

एक राजनयिक होने का मतलब यह नहीं है कि आप सच नहीं बोलेंगे. पाकिस्तान के लिए मैं इससे भी ज्यादा कठिन शब्दों का इस्तेमाल कर सकता हूं. मेरा यकीन मानिए भारत के साथ जो हो रहा है, उसके लिए 'आतंकवाद का एपीसेंटर' बहुत छोटा और राजनयिक शब्द है।

कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार में 18 महीने विदेश मंत्री रहे नटवर सिंह भी जयशंकर की तरह विषय विशेषज्ञ थे।वे इंदिरा गांधी की पसंद थे। सेवानिवृत्त के बाद वे कांग्रेस में शामिल हुए चुनाव लड़ें भी और जीते भी। बाद में उनका कांग्रेस से मोहभंग हो गया। अटल जी भारत के 9वें,नटवर सिंह 25 वें और जयशंकर 30 वें विदेश मंत्री हैं। और कामयाब विदेश मंत्री हैं।वे स्वर्गीय सुषमा स्वराज की तरह महात्वाकांक्षी राजनेता नहीं है इसलिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी को उनसे कोई खतरा भी नहीं है, अन्यथा पंडित जवाहरलाल नेहरू हों या इंदिरा गांधी समेत तमाम प्रधानमंत्री विदेश मंत्रालय अपने पास रखने से नहीं हिचके।

मुझे फक्र होता है कि देश के अब तक के 30 विदेश मंत्रियों में से तीन को छोड़ अधिकांश को मैंने देखा है, कुछ को तो निजी तौर पर भी मिला हूं। श्री स्वर्ण सिंह, दिनेश सिंह, यशवंत राव चव्हाण, श्याम नंदन मिश्रा,पीवी नरसिम्हा राव, बलीराम भगत,पी शिवशंकर,एनडी तिवारी, वीपी सिंह, इंद्रकुमार गुजराल, चंद्रशेखर, विद्याचरण शुक्ल,माधव सिंह सोलंकी,प्रणव मुखर्जी, सिकंदर बख्त, जसवंत सिंह, यशवंत सिन्हा,एस एम कृष्णा, सलमान खुर्शीद और श्रीमती सुषमा स्वराज विदेश मंत्री के रूप में मुझे हमेशा याद आते हैं। मुमकिन है कि इनमें से बहुत से ऐसे भी हों जो इतिहास बना गये। इतिहास तो सबको बनना पड़ता है।

# मध्यप्रदेश: मतदाताओं को बांटते ये राजनीतिक मंसूबे

**-राकेश दुबे**

मध्यप्रदेश में मतदाताओं को बाँट कर चुनाव जीतने की कोशिशें शुरू हो गई है। देश के संविधान की भावना के तहत चुनाव करानेवाली मशीनरी भले ही मतदाताओ का वर्गीकरण नैसर्गिक आधार पर करती हो, राजनीतिक दल यह विभाजन जातिगत आधार पर करने लगे हैं। यह सब प्रदेश के हित में नहीं है। मध्यप्रदेश की चुनावी मशीनरी के हिसाब से मध्यप्रदेश में कुल 5,40,63,815 मतदाता हैं, जिनमें 27962711 पुरुष और 26023733महिला और 1432 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं। इसके विपरीत राजनीतिक दलों को इनमें सवर्ण, ओबीसी से लेकर और बहुत से विभाजन दिखाई देने लगे हैं।

कांग्रेस हो या भाजपा दोनों के बड़े नेता अपने बयानों में इस विभाजन का प्रचार शुरू कर चुके हैं। चुनाव यदि मतदाताओं को उनकी जातिगत पहचान बता कर जीतना ही इनका लक्ष्य है, तो यह देश के संविधान की मूल भावना के विपरीत है। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का सतना में दिया गया बयान भले ही उन्हें ओ बी सी वर्ग का हितचिन्तक बताता है, परन्तु यह बयान मतदाताओं को उनकी जातिगत पहचान की दिशा में ले जाता है। ठीक इसी प्रकार भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती के इन दिनों आये बयान है। इन बयानों का पक्ष प्रतिपक्ष में जो भी असर हो मतदाता की जातिगत पहचान उकेरना प्रजातान्त्रिक नहीं है। कांग्रेस की नीति और उमा भारती की चुनौती आगामी विधान सभा चुनाव में एक नया रंग दिखाएगी।

वैसे मध्य प्रदेश में भाजपा को इस बार के विधानसभा चुनाव में कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। यह पार्टी लंबे समय से सरकार में है, इसलिए एंटी कंबेंसी तो स्वाभाविक है। इसके अलावा जो चुनौतियां है, उनमें सिंधिया गुट के लोगों और मूल भाजपा के लोगों में आंतरिक खींचतान भी एक है। जहां से सिंधिया गुट के लोग चुनाव लड़ेंगे, वहां सेबोटेज से इंकार नहीं किया जा सकता। इससे भी बड़ी चुनौती वो है, जिसका अंदाजा नहीं लगाया जा रहा और न भाजपा उसे गंभीरता से ले रही है। वह चुनौती है उमा भारती का बदलता नजरिया!

उमा भारती का रवैया लंबे समय से अलग-अलग तरीकों से भाजपा को परेशान कर रहा है। न सिर्फ संगठन को, बल्कि सरकार को भी वे अपने शराबबंदी अभियान से परेशान कर रही हैं। कई बार उन्होंने शराब की दुकानों पर पत्थर चलाए है। बात यहीं तक सीमित नहीं है। वे रायसेन के किले में पहुंचकर वहां पुरातत्व विभाग को पुरातन शंकर मंदिर खोलने के लिए मजबूर करती हैं। निस्संदेह यह उमा भारती की सोची-समझी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा है। पिछले दिनों उमा भारती ने अपने समाज के एक कार्यक्रम में संदर्भ से अलग हटकर वहां मौजूद लोगों से कहा कि वे उनके कहने से भाजपा को वोट न दें! उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे पार्टी से बंधी हैं, इसलिए वे तो भाजपा को वोट देने के लिए कहेंगी, लेकिन उन्हें जिस भी पार्टी को देना है, उसे वोट दें। इसका सीधा-सा मतलब समझा जा सकता है कि वे मध्यप्रदेश के 9 प्रतिशत लोधी वोटरों को भाजपा से काटना चाहती हैं, जो अभी तक भाजपा के साथ रहे हैं।

कमल नाथ नेता हैं,उमा भारती साध्वी हैं, पर दोनों उससे पहले राजनीतिक हैं। दोनों के इस तरह के बयान समयानुकूल हो सकते हैं, परन्तु सामाजिक ताने-बाने को जोड़ने वाले नहीं है।

उमा भारती जिस लोधी समाज से आती हैं, उसका मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड इलाके के अलावा उत्तर प्रदेश के बड़े इलाके में दबदबा है। इस समाज के वोटर विधानसभा की कई सीटों पर खेल बिगाड़ सकते हैं। लोधी वोटरों की 9?प्रतिशत ताकत का भाजपा से टूटना पार्टी के लिए बड़ा खतरा दिखता है। 230 सीटों वाली विधानसभा में 50 से ज्यादा सीटें ऐसी हैं, जहां लोधी वोटर सारे समीकरण प्रभावित कर सकते हैं। उमा भारती के बदलते तेवरों के पीछे कोई बड़ी रणनीति का संकेत मिलने लगा है।

उमा भारती की राजनीति का अपना एक अलग तरीका है। वे भाजपा का सामने खड़े होकर विरोध न करके भी भाजपा के खिलाफ परोक्ष रूप से दांव चल रही हैं। वे भाजपा के उस 'राम अभियान' को भी चोट पहुंचा रही हैं, जो पार्टी की सबसे बड़ी ताकत है। कांग्रेस का ओ बी सी प्रेम का उमड़ना भी मतदाताओ को बाँटने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाला है 7हालात देखकर इस बात को समझा जा सकता है, कांग्रेस को कुछ ऐसा करना है कि उसके पक्ष में माहौल बने लेकिन उमा भारती का यह खुलकर विरोध क्यों ?कर रही हैं, इस बात का खुलासा होना अभी बाकी है।

# कमलेश्वरजी को याद करते हुए

**जयराम शुक्ल**

पिछले पैतीस साल की पत्रकारीय यात्रा में मेरे दिल-ओ-दिमाग में जिन कुछ शख्सियतों की गहरी छाप रही है उनमें से कमलेश्वर जी प्रमुख हैं। आज उनका जन्मदिन है। कमलेश्वर जी को जो पढ़ा, जो सुना, जो देखा वह सब चलचित्र की भाँति आज दिनभर चलता रहेगा। इसी महीने की सत्ताईस तारीख को उनकी पुण्यतिथि आएगी। यह तारीख मेरे लिए इस वजह से भी महत्वपूर्ण है कि भास्कर में सोमवार को छपने वाले उनके नियमित स्तंभ के लेख की फैक्स कापी मिलने के एक घंटे बाद ही उनके निधन की खबर आई थी। तब मैं दैनिक भास्कर के संपादकीय पृष्ठ का प्रभारी था। कमलेश्वर जी की जिंदगी का वह आखिरी लेख किस विषय पर था यह तो मुझे याद नहीं लेकिन इस स्तंभ ने मेरा उनसे लेखकीय रिश्ता अवश्य पक्का कर दिया था। कमलेश्वरजी जैसे व्यस्त लेखक से बिना नागा लिखवाते रहना साधारण काम नहीं था पर यह मैंने दो-ढाई साल किया, इसके पीछे भी वही थे। उन्होंने ने कह रखा था कि मुझे हर हफ्ते एक दिन पहले याद दिलाओगे और हाँ टापिक भी सुझाओगे।

कमलेश्वर जैसे महान संपादक का यह बडप्पन तो था ही, मुझ पर स्नेह भी था। जब मैं पत्रकारिता में नहीं था तब से कमलेश्वरजी का प्रशंसक था। उन दिनों वे सारिका के संपादक हुआ करते थे। उनके संपादकत्व में सारिका के जब्तशुदा कहानी विशेषांक ने तो दुनिया भर में सनसनीखेज धूम मचा दी थी। उसी अंक में अब्बास साहब की 'सरदार जी' मंटों की 'जिंदा गोश्त', इश्मत चुगताई की 'लिहाफ' पढ़ी थी। संभवतः प्रेमचंद की सोज-ए-वतन भी उसी अंक में छपी थी।

एक गंभीर साहित्य की पत्रिका कैसे चर्चित व पठनीय बनाई जा सकती है यह कौशल कमलेश्वर जी में ही था, जिसे बाद में 'गंगा' जैसी पत्रिका निकाल कर सिद्ध किया। सस्ते कागज़ में छपने वाली 'गंगा' भले ही अल्पकालिक साबित हुई पर जब तक छपी उसके जोड़ की कोई पत्रिका आज तक पढ़ने को नहीं मिली। कमलेश्वरजी ने पत्रकारिता के कारपोरेटीकरण को उन्हीं दिनों ताड़ लिया था.. गटर गंगा..नामक स्तंभ के जरिये सेठाश्रयी पत्रकारिता की खबर लेने लगे थे। यह बात अलग है कि वही आगे चलकर भास्कर के जयपुर संपादक बने। बहरहाल लेखन के हर आयाम चाहे फिल्म लेखन हो टीवी पत्रकारिता, रिपोर्ताज, कहानी व उपन्यास हर विधाओं पर उन्होंने सफलता के झंडे गाड़े। संपादक के तौर पर उनकी नजर जौहरी सी थी। दुष्यन्तजी की राष्ट्रीय ख्याति के पीछे तो वे थे ही रमेश रंजक जैसे अग्निधर्मा गीतकार को सामने लाए। सन् 88 में मैं देशबन्धु में था। बाबू जी (श्रीमायाराम सुरजन) जो कि म.प्र. हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष थे, की इच्छा थी कि रीवा में सम्मेलन की ओर से कोई बड़ा राष्ट्रीय स्तर का साहित्यिक आयोजन हो। मुझे उस आयोजन का संयोजक बना दिया।

84 में ग्रामीण पत्रकारिता को ही ध्येय बनाकर देशबन्धु में आया था। मुझ पर बाबूजी की सरपरस्ती ऐसी बनी कि देहाती पत्रकारिता करते हुए भी मेरे हौसले हमेशा राष्ट्रीय रहे। अस्सी के दशक मे देशबन्धु के अलावा देश भर की पत्र पत्रिकाओं में भी नियमित और खूब छपता था। साहित्य, रंगमंच, लोकसंस्कृति में रुचि थी। रीवा के ऐतिहासिक व्येन्कट भवन के तीन दिन के समारोह के मुख्य आकर्षण कमलेश्वर जी थे। उनका आतिथ्य करने का सौभाग्य मिला और तीन दिनों तक भरपूर सानिध्य भी। उनके साथ उनकी धर्म पत्नी गायत्री जी भी थीं। देशबंन्धु के लिए एक लंबा इन्टरव्यू भी किया था जिसमें उन्होंने बताया था कि इलाहाबाद के मुफलिसी दौर मेंज्आंधी.. के इस मशहूर लेखक, पटकथाकार को रद्दी बेंचकर ब्रेड जुगाडने पड़ते थे।

'आँधी' की कथा में फिरोज गाँधी और इंदिरा गाँधी की छवि प्रतिबिंबित होती थी ऐसा समालोचकों ने लिखा। फिरोज गाँधी का यादगार रोल संजीव कुमार और इंदिरा जी का सुचित्रा सेन ने किया था। फिल्म का विरोध हुआ, कुछ दिन के लिए प्रतिबंध भी झेलना पड़ा। कमलेश्वर जी ने सारा किस्सा सुनाते हुए बताया कि एक दिन जब इंदिरा जी का फोन आया तो मैं हतप्रभ रह गया। इन सब के बावजूद वे मुझे दूरदर्शन का महानिदेशक बनाना चाहती थीं। महानिदेशक के तौरपर कमलेश्वर जी का कार्यकाल बेमिसाल रहा। वे इतने बड़े पद पर रहते हुए भी फील्ड रिपोर्टिंग करते थे। उनका साप्ताहिक कार्यक्रम 'परिक्रमा' बहुत लोकप्रिय रहा यद्यपि तब दूरदर्शन की पहुँच सिर्फ महानगरों तक रही। उनके रीवा प्रवास पर एक शाम प्रसिद्ध प्रापात चचाई के गेस्ट हाउस में बीती ..मैने बताया पं नेहरू, लोहिया भी यहाँ आकर बुद्धि विलास कर गये और विद्यानिवास, महादेवी, रामकुमार वर्मा भी।

कमलेश्वरजी के साथ भाऊसमर्थ, ड़ा.धनंजय वर्मा व अब्दुल बिस्मिल्लाह भी थे गायत्री जी भी। अभी मुझे दो दिन पहले ही वो फटा अलबम मिला जो घर बदलने के चक्कर में कहीं खो गया था। तीस साल पुरानी स्मृतियां ताजा हो गईं। मेरा बेटे ने पीएससी की तैयारी के सिलसिले में किताबों के बारे में राय ली तो मैंने कहा देश का इतिहास जानना है तो ज'कितने पाकिस्तान'.. जरूर पढ़ना। इस उपन्यास के जरिये कमलेश्वरजी ने भारत को समझने की जो इतिहास दृष्टि दी है भविष्य में इतना समर्थवान साहित्यकार शायद ही कोई जन्म ले। (32वर्ष पूर्व कमलेश्वर जी के सानिध्य मेंद्ध)

---

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना, प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईटः dainiksandhyaprakash.in

# ओंकारेश्वर के सामान्य निर्वाचन हेतु ईव्हीएम की एफएलसी का कार्य 10 से 13 तक

खण्डवा( खण्डवा जिले के नगर परिषद ओंकारेश्वर के सामान्य निर्वाचन 2022 (उत्तरार्द्ध) के लिए ई.व्ही.एम. की एफ.एल.सी. का कार्य 10 जनवरी से 13 जनवरी, 2023 तक जिला पंचायत परिसर स्थित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-खण्डवा के कार्यालय में सम्पन्न कराया जायेगा। ई.व्ही.एम. स्ट्रांग रूम 10 जनवरी को प्रातः 10 बजे खोला जायेगा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री एस.एल. सिंघाड़े ने बताया कि यह कार्य ई.सी.आई.एल. के इंजिनियर्स एवं उनके सहयोग हेतु नियुक्त टीम द्वारा किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एफ.एल.सी. कार्य के बाद 14 जनवरी को प्रातः 11 बजे जिला स्तरीय प्रथम रेण्डमाइजेशन की कार्यवाही कलेक्टर कार्यालय खण्डवा में की जायेगी। उन्होंने सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को एफ.एल.सी. एवं रेण्डमाईजेशन की कार्यवाही के दौरान निर्धारित समय एवं स्थान पर उपस्थित रहने के लिए कहा है।

# अनुसूचित जाति व जनजाति के विद्यार्थियों हेतु छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता हेतु आवेदन प्रारंभ

खण्डवा( 2023 - वर्ष 2022-23 हेतु शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत नवीन एवं नवीनीकरण के अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों हेतु एमपीटॉस पोर्टल व एन.आई.सी.पोर्टल 2.0 पर छात्रवृत्ति एवं आवास सहायता हेतु आवेदन प्रारंभ हो गए है। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 15 जनवरी, 2023 निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि अभी भी बहुत सी संस्थाओं का एडमिशन डाटा उपलब्ध होने के बाद भी विद्यार्थियों द्वारा आवेदन नहीं किये जा रहे है। समय सीमा उपरांत पोर्टल को बंद कर दिया जायेगा। इसके बाद भी कोई पात्र विद्यार्थी योजना से वंचित रहता है तो उसकी पूर्ण जवाबदारी संस्था प्रमुख की रहेगी। सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग ने सभी शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयीन संस्थाओं से कहा है कि वे अपनी संस्था में वर्ष 2022-23 में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, जनजाति के पात्र विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति/आवास सहायता के शत प्रतिशत आवेदन करवाकर नोडल प्राचार्य से वेरिफाई/स्वीकृति/प्रपोजल तैयार करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# मेहर ने पीयूष बबेले को मीडिया सलाहकार बनने पर दी बधाई



बैरसिया। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव और बैरसिया के कांग्रेस नेता राम भाई मेहर ने शुक्रवार को पीसीसी चीफ कमलनाथ के नवनियुक्त मीडिया सलाहकार पीयूष बबेले को पीसीसी कार्यालय पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई दी। गौरतलब है कि वरिष्ठ पत्रकार और लेखक पीयूष बबेले को पीसीसी चीफ कमलनाथ ने अपना मीडिया सलाहकार बनाया है। बबेले के मीडिया सलाहकार बनने के बाद उनको बधाइयां देने वाले लोगों का ताता लगा हुआ है ।इसी कड़ी में राम भाई मेहर भी पीसीसी कार्यालय पहुंचे और बबेले को बधाई दी।

# खाद, बीज की कलाबाजारी पर लगातार कार्यवाही करें- कलेक्टर

धार।/ कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने आज कृषि विज्ञान केंद्र धार में कृषि एवं सम्बन्द्ध विभागों की समीक्षा बैठक ली। जिला पंचायत सीईओ केएल मीणा साथ मौजूद थे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बैठक में निर्देश दिए कि नर्सरियों बेहतर संधारित करें। विभागीय गतिविधियों से आगे बढ़कर सर्वांगीण विकास का कार्य करें। साथ ही फोरम का सही इस्तेमाल करें। दलहन व तिलहन फसलों को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य करें। उन्होंने निर्देश दिए कि उद्यानिकी विभाग कुक्षी के इलाके में किसानों को मिर्ची की फसल के लिए और प्रमोट करें तथा स्टोरेज की भी व्यवस्था करें। इसके साथ ही जीवामृत पर फोकस रखें। जिले में वर्मी कम्पोस्ड तथा नाडेप के उपयोग के बारे ग्रामीणों को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि ग्रामों से कचरा संग्रह कर उससे खाद बनाई जा सके और आगामी रबी सीजन की तैयारियां अभी से करें। अधिकारी जिले में सरसो बेस्ड मधुमक्खी पालन पर भी ध्यान देवें। मार्केटिंग फैडरेशन को कोल्ड स्टोरेज के कार्य से जोड़ें। ड्रोन की सहायता से नैनो यूरिया के छिड़काव की ट्रेनिंग के लिए जगह चयनित करें। सभी अधिकारी कृषकों को नैनो यूरिया को इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही खाद, बीज की कलाबाजारी पर लगातार कार्यवा

# रेलवे स्टेशन पर संरक्षा संवाद का हुआ आयोजन

छतरपुर। झांसी मंडल से आयी संरक्षा टीम द्वारा छतरपुर रेलवे स्टेशन पर संरक्षा संवाद का आयोजन किया गया। संरक्षा सभा में रेलवे के अलग.अलग विभागों के कर्मचारियों तथा पर्यवेक्षकों ने भाग लिया। जिसकी अध्यक्षता राजकुमार टीआई छतरपुर ने कीए मंच संचालन नीलू कुमार संरक्षा सलाहकार विद्युत सामान्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदुम देवलिया सहायक मंडल विद्युत अभियंता टीण्आरण्डीण् ललितपुर रहे।



मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन पर जिला निर्वाचन सागर की बैठक में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दीपक आर्य व उप निर्वाचन अधिकारी सुश्री शशि मिश्रा से चर्चा करते हुए।

# प्रदेश के दूसरे संस्कृत विद्यालय की सौगात रतलाम जिले को



रतलाम 7 रतलाम जिले की पिपलोदा तहसील के ग्राम सोहनगढ़ में संस्कृत विद्यालय का भूमि पूजन महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान के चेयरमैन भरत दास बैरागी द्वारा किया गया 7 कार्यक्रम में के के सिंह कालूखेड़ा , कान्ह सिंह चौहान , रामविलास धाकड़, जिला शिक्षा अधिकारी केसी शर्मा आदि उपस्थित थे 7 इस अवसर पर भरत दास बैरागी ने कहा कि संस्कृत विद्यालय मै 500 की क्षमता में छात्रों के लिए इसी वर्ष पढ़ाई शुरू की जाएगी 7 वर्तमान मे जब तक भवन बन नहीं जाता तब तक वैकल्पिक व्यवस्था की जायेगी, यह मध्य प्रदेश का दूसरा संस्कृत विद्यालय रतलाम जिले में खुलने जा रहा है, इस विद्यालय के पश्चात प्रदेश के सभी 52 जिलों में संस्कृत विद्यालय की सौगात अगले सत्र में दी जाएगी 7 श्री बैरागी ने कहां कि समाज को हम नई दिशा देंगे और आने वाले 10 साल में ऐसे विद्यालयों की मांग बढ़ेगी महर्षि पतंजलि संस्कृत संस्थान इस दिशा में आगे बढ़ चुका है 7सोहनगढ़ संस्कृत विद्यालय 2 हेक्टेयर से अधिक भूमि में निर्मित होगा ।

# सांसद द्वारा किया गया फुट ओवर ब्रिज का लोकार्पण



इटारसी//यात्रियों की बढ़ते हुए दबाव को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त फुट ओवर ब्रिज निर्माण किया गया। रेल प्रशासन द्वारा आज़ सांसद राव उदय प्रताप सिंह एवं रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में लोकार्पण किया गया लोकार्पण सांसद द्वारा किया गया,इस कार्यक्रम में रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी सहित स्थानीय भाजपा नेता मौजूद रहे। इस उपलक्ष्य पर नर्मदापुरम -इटारसी विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, अध्यक्ष नगर पालिका पंकज चौरे, रेलवे जोन सलाहकार समिति के सदस्य राजा तिवारी, डीआरएम वंदोउपाध्याय , सीनियर डीसीएम दीक्षित, आरपीएफ के वरिष्ठ अधिकारी सहित आरपीएफ टीआई देवेंद्र कुमार एवं अन्य गणमान्य नागरिकों अपनी उपस्थिति दी।

इस कार्यक्रम में रेल प्रशासन की ओर से मण्डल रेल प्रबंधक सौरभ बंदोपाध्याय सहित अन्य वरिष्ठ रेल अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

इटारसी जंक्शन स्टेशन पर यात्री ट्रेनों के बढ़ने के साथ ही यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेनों के आगमन के दौरान पुराने एफओबी पर यात्री भार कम करने के लिए अन्य एफओबी के निर्माण की आवश्यकता थी। इस नए एफओबी के निर्माण के बाद पुराने एफओबी पर यात्रियों का भार कम होगा और दोनों एफओबी से यात्रियों का आवागमन सुलभ हो जाएगा।

इसी प्रकार गरीबी लाइन क्षेत्र में सीमित ऊंचाई सबवे (एलएचएस) का निर्माण हो जाने से इटारसी और आसपास के क्षेत्र के नागरिकों के लिए रेल लाइन के पार जाने की सुलभ सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस एलएचएस के निर्माण से पहले नागरिकों को रोड ओवर ब्रिज के जरिए 4 कि.मी. की दूरी तय करनी पड़ती थी। अब एलएचएस से आवागमन शुरू हो जाने से यह दूरी घटकर 0.5 कि.मी. रह जाएगी। इससे नागरिकों के अतिरिक्त व्यय और समय की बचत होगी। पैदल यात्री भी अब बिना किसी सुरक्षा जोखिम के आसानी से इस सबवे से रेल लाइन के पार आना-जाना कर सकेंगे।

# कार्यकर्ता पदाधिकारी करें प्रवास, बूथ शक्ति केन्द्र को करें मजबूत

## भाजपा को 51 प्रतिशत वोट दिलाने जुट जाए कार्यकर्ता - राव




नर्मदापुरम। भारतीय जनता पार्टी की शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर मैराथन बैठकें संपन्न हुई। बैठक में भाजपा मध्यप्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव, नर्मदापुरम संभाग प्रभारी पंकज जोशी, जिला प्रभारी श्रीमती सीमा सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री माधवदास अग्रवाल ने पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठकें ली।

संभाग कार्यालय मंत्री हंस राय ने सर्किट हाउस घाट पर प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव से मां नर्मदा का पूजन अर्चन कराया एवं सांस्कृतिक प्रकोष्ठ ने प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव की सर्वधर्म प्रमुखों के साथ चर्चा कराकर सम्मान कराया।

भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के प्रभारी मुरलीधर राव का माँ नर्मदा की पावन नगरी नर्मदापुरम में आगमन पर भाजयुमों जिलाध्यक्ष दीपक महालहा के नेतृत्व में स्वागत कर सर्किट हाउस में प्रदेश प्रभारी के साथ पौधारोपण किया। तत्पश्चात बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा बाइक रैली निकाली। प्रदेश प्रभारी के आगमन पर सर्किट हाउस से लेकर भाजपा जिला कार्यालय तक भव्य बाइक रैली का आयोजन किया। इस दौरान किसान मोर्चा, पिछड़ा वर्ग मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, महिला मोर्चा सहित नगर पालिका पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों ने स्वागत रूट पर श्री मुरलीधर राव का भव्य स्वागत किया।

भाजपा प्रदेश प्रभारी श्री मुरलीधर राव ने प्रथम बैठक भाजपा प्रबंध समिति सदस्यों के साथ की। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रभारी मंत्री श्री ब्रजेन्द्र प्रताप सिंह, सांसद राव उदयप्रताप सिंह, विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री विजयपाल सिंह, श्री प्रेमशंकर वर्मा, श्री ठाकुरदास नागवंशी, पूर्व जिलाध्यक्ष श्री हरिशंकर जायसवाल, श्री संतोष पारिक, निगम अध्यक्ष श्री शिव चौबे, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री दर्शनसिंह, जिला महामंत्री श्री प्रसन्ना हर्णे, श्रीमती प्रीति शुक्ला, श्री मुकेशचंद्र मैना को मार्गदर्शन प्रदान किया।

# मांगों का शीघ्र निराकरण करने ज्ञापन सौंपेंगे पेंशनर

## बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर लिया निर्णय



बैतूल। जिला पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पेंशनरों की न्यायोचित मांगों का शीघ्र निराकरण करने के लिए मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन दिए जाने का निर्णय लिया गया। जिला अध्यक्ष रामचरण साहू ने पेंशनरों की विभिन्न मांगों के संबंध में उपस्थित पेंशनरों को जानकारी दी। इस अवसर पर एसोसिएशन के नए सदस्य श्री देशपांडे ने संघ में एकजुट रहकर कार्य करने के लिए अपना अभिमत दिया। नवीन सदस्य श्री हजारे ने सभी सेवानिवृत्त पेंशनरों से पेंशनर एसोसिएशन से जुड़ने का आग्रह किया ताकि अपनी समस्याओं का समाधान निकाल सके। सेवानिवृत्त प्रिंसिपल श्री खान ने संगठन के वार्षिक शुल्क को बढ़ाकर देने का आग्रह किया। उन्होंने 200 रु वार्षिक शुल्क जमा करने की अपील की। साथ ही पेंशनरों की मांगों के निराकरण के लिए सदस्यता अभियान में सहभागी बनकर संगठन को और मजबूत बनाने की बात कही। जिला अध्यक्ष रामचरण साहू ने संगठन के संरक्षक सदस्य के रूप में सेवानिवृत्त प्रिंसिपल श्री खान को मनोनीत किया। उन्होंने कहा कि किसी भी पेंशनर को बैंकिंग संबंधी कोई भी परेशानी हो तो वह अपना खाता नंबर फोन नंबर आवेदन के साथ अध्यक्ष को दें ताकि उनके प्रकरण में शीघ्र कार्यवाही की जा सके। सचिव केएल मालवीय ने सदस्यता शुल्क प्रति पेंशनर 200 देने का सुझाव दिया। पेंशनर गव्हाड़े ने एसोसिएशन द्वारा किए जा रहे कार्यों पर संतुष्टि जाहिर की। पेंशनर अमृतलाल दियावार ने बताया कि वह आमला में रहते हुए भी प्रतिमाह एसोसिएशन की मासिक बैठक में उपस्थित रहते हैं। उन्होंने समस्त पेंशनरों को एसोसिएशन से जुड़ने की अपील की।

# दुराचार के आरोपी को फांसी देने की मांग, महिला कांग्रेस सड़क पर उतरी

## महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय और प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में प्रदर्शन

बैतूल। कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत 14 वर्षीय किशोरी के साथ हुए दुराचार का मामला अब तूल पकड़ते जा रहा है। आरोपी को फांसी की सजा देने की मांग को लेकर जिला महिला कांग्रेस नेत्रियों ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष नीटा डिसूजा और मध्यप्रदेश महिला की अध्यक्ष विभा पटेल के नेतृत्व में सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन के बाद एसडीएम केसी परते को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि 2 जनवरी को भाजपा के पूर्व एल्डरमेन रमेश गुल्हाने द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया है। इस घटना से पूरे बैतूल नगर में आक्रोश है। कांग्रेस के सदस्य इस जघन्य घटना का कटू शब्दों से निंदा करते है। आरोपी भाजपा के पूर्व एल्डरमेन के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर उसे फांस की सजा दी जाए। जिला महिला कांग्रेस का कहना है कि जिस तरह से प्रदेश में दुराचारियों के खिलाफ मुहिम चलाकर बुलडोजर से उनके आवास ढहाए जा रहे है, ठीक उसी प्रकार से पूर्व भाजपा नेता और बलत्कार के आरोपी का मकान ढहाया जाए। आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। पीड़ित परिवारों को सरकार की तरफ से 25 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करें। जिला महिला कांग्रेस ने आरोपी के खिलाफ शीघ्र कार्रवाई की मांग को लेकर राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा। विरोध प्रदर्शन के बाद महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष और कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन के बाद पीड़िता और उसके परिजनों से मुलाकात की और हर संभव उनके साथ खड़ा रहने की बात कही। महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय और महिला प्रदेश अध्यक्ष की मौजूदगी में रैली निकालकर दुराचार की घटना को लेकर विरोध प्रदर्शन किया है। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील शर्मा, जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष मोनिका निरापुरे, विधायक निलय डागा, कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हेमंत वागद्रे, राजेश गावंडे, लोकेश पगारिया, धीरू शर्मा, सीमा अतुलकर, पुष्पा पेन्द्राम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

# पाबल में शासकीय भूमि से हटाया अतिक्रमण

बैतूल। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय समस्याओं के निराकरण के लिए आयोजित की जा रही संयुक्त चौपालों के तहत गत दिवस बुधवार को विकासखंड प्रभातपट्टन के ग्राम पाबल में शासकीय भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई। नायब तहसीलदार प्रभातपट्टन श्रीमती मोनिका विश्वकर्मा ने बताया कि उक्त शासकीय भूमि का बाजार मूल्य 3 लाख 2 हजार 592 रुपए है।

इंडिया पोस्ट का सर्वे -इंडिया पोस्ट का सर्वे -

# सम्पूर्ण देश के सर्वश्रेष्ठ 25 सांसदों में मप्र से असरदार सांसद के रूप शामिल हुए सांसद राव



बरेली । देश में सांसदों के कामकाज को लेकर इंडिया पोस्ट ने सर्वे किया जिसमें देश के 25 सांसदों को सबसे सर्वश्रेष्ठ सांसद चुना गया इन 25 सांसदों में होशंगाबाद नर्मदापुरम संसदीय क्षेत्र के सांसद राव उदयप्रताप सिंह सर्वश्रेष्ठ सांसदों में शामिल हुए उदयप्रताप सिंह मध्यप्रदेश के पहले सांसद हैं जो सर्वश्रेष्ठ सांसद चुने गए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित प्रदेश के तमाम नेताओं को सांसद राव उदयप्रताप सिंह पर गर्व है कि वह देश के सबसे सर्वश्रेष्ठ सांसदों में शामिल हुए मध्यप्रदेश भी अपने आप में गौरवान्वित हो रहा है की लगातार क्षेत्र के दौरों के साथ दिल्ली सहित जनता दरबार के लिए महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन राव उदयप्रताप सिंह कर रहे हैं प्रत्येक रविवार को ग्रह ग्राम लोलरी राजमार्ग में जनता दरबार भी लगाते हैं जिससे अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्याओं का तत्काल निराकरण करते हैं जिसका ही परिणाम है कि आज देश के सर्वश्रेष्ठ सांसदों में शामिल हुए हैं यह पहले सांसद है जो प्रत्येक रविवार जनता से रूबरू होते हैं सर्वश्रेष्ठ सांसदों में असरदार सांसद के रूप चुने जाने पर होशंगाबाद,नरसिंहपुर क्षेत्र की जनता के लिए गौरव की बात है वहीं सांसद रावउदय प्रताप सिंह को रायसेन जिले के प्रभारी मंत्री अरविंद भदौरिया, कैबिनेट मंत्री प्रभुराम चौधरी, पूर्व मंत्री विधायक ठाकुर रामपाल सिंह राजपूत, पूर्व मंत्री विधायक सुरेंद्र पटवा, पूर्व विधायक रामकिशन पटेल, रायसेन जिला अध्यक्ष डॉ जयप्रकाश किरार, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवाजी पटेल, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ठाकुर हरनाम सिंह राजपूत, जिला मंत्री राजेंद्र ठाकुर, पवन रघुवंशी,नगर परिषद अध्यक्ष बरेली हेमंत राजाभैया चौधरी,प्रदेश प्रवक्ता ब्रिजगोपाल लोया और उदयपुरा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं ने बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की।

खंडवा में बिना रजिस्टेशन के चल रहे हैं दर्जनों क्लीनिक

# बाहरी डॉक्टरों और मेडिकल स्टोर्स के मकड़जाल में फंसी जनता



खंडवा।अभिनेष सिंह। अभी भी खंडवा के 25त्न युवक एवं युवतियां मेडिकल ड्रग्स के गिरफ्त में है। समाचारों के माध्यम से जिला प्रशासन एवं राज्य सरकार को मेडिकल स्टोर्स द्वारा समय-समय पर इनके अवैध गतिविधियों को लेकर समाचार पत्र प्रकाशित होता है किंतु इन समाचारों को माध्यम बनाकर खाद्य एवं औषधि विभाग से लेकर पुलिस व्यवस्था तक समस्या का समाधान निकालने के बजाय अपना बैंक बैलेंस बनाने में जुट जाते हैं। वर्तमान में मेडिकल ड्रग्स का नशा शहरी क्षेत्रों से अधिक ग्रामीण क्षेत्रों में बुरी तरह से पसरा हुआ है जिस पर नाही जिला प्रशासन का कोई ध्यान है नाही इन समस्याओं को निर्मूल करने के लिए कोई युक्ति है।

वर्तमान में खंडवा के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में अधिकांश मेडिकल स्टोर्स ने बाहरी डॉक्टरों के लिए क्लीनिक तक खोल डाले हैं जिनका कोई रजिस्ट्रेशन नहीं है इसकी जानकारी ना औषधि विभाग को है नाही सीएचएमओ खंडवा को, ग्रामीण क्षेत्रों में एक्सपायरी होने वाली रिजेक्टेड दवाइयों को नी धड़क बेचने वाले मेडिकल स्टोर्स अपने क्षेत्रीय पुलिस व्यवस्था को साम दाम दंड भेद से इन अवैध व्यापार ओं में शामिल कर चुकी है। खंडवा के शहरी क्षेत्र में कई प्राइवेट हॉस्पिटल है जोकि वास्तव में एलोपैथी ट्रीटमेंट करने का कोई भी अधिकार नहीं रखते किंतु इन प्राइवेट हॉस्पिटल प्रबंधक ने सरकारी हॉस्पिटल से लेकर जिला प्रशासन के आला अधिकारियों को मैनेज कर रखा है। कई प्राइवेट हॉस्पिटल ऐसे हैं जहां सीएचएमओ खंडवा की मिलीभगत से दस बेड के निर्देश दिए गए वहां उन प्राइवेट हॉस्पिटल्स ने 40 बेड बिछा रखे हैं। कई प्राइवेट हॉस्पिटलों द्वारा बड़े बड़े अक्षरों में रिसर्च सेंटर लिखा हुआ है जबकि वहां के प्रबंधक एमबीबीएस है ना एमडी है ना पीएचडी है, वर्तमान में खंडवा की जनता को अनाड़ी और अनगढ़ मेडिकल व्यापारियों और हॉस्पिटल्स प्रबंधकों ने घेर रखा है बल्कि सरकारी हॉस्पिटल में अपने दलाल छोड़ रखे हैं जो मरीजों को सरकारी हॉस्पिटल से प्राइवेट हॉस्पिटल पहुंचाने के कार्य में संलग्न है, वहीं प्राइवेट एंबुलेंस द्वारा भी आम जनता को जहां लूटा जा रहा है वही एंबुलेंस कंपनी को मरीज लाने के एवज में प्राइवेट हॉस्पिटल्स भरपूर राशि भी देता है। आवश्यकता है खंडवा की आम जनता के स्वास्थ्य सुरक्षा और आर्थिक परिस्थितियों को सुदृढ़ करने की जिसके लिए कल खंडवा के समस्त पत्रकारों ने कलेक्टर खंडवा अनूप कुमार सिंह को इन व्यवसायियों के कुचक्र से आम जनता को निकालने के लिए आवेदन दिया गया और तत्काल कार्रवाई करने का निवेदन किया गया।

**कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण**

क्रमांक 531 ज.सं./भो.वि.प्रा./ 23 भोपाल, दिनांक 06/01/2023

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की महाराणा प्रताप नगर जोन–02 योजना स्थित भूखण्ड क्रमांक–22 श्री रघुवंश कुमार घई, श्री वीरेन्द्र मोहन घई, श्री शिवचंद्र घई एवं आशीष कुमार घई चारो पुत्रगण श्री दर्शन लाल घई के नाम पर अंकित है। संयुक्त आवंटियों में से श्री रघुवंश कुमार घई का स्वर्गवास दिनांक 17.04.2021 को होने के कारण उनके द्वारा की गई नोटराईज्ड वसीयत दिनांक 18.08.2018 एवं वसीयत के गवाह:– श्री मनीष चड्डा आ. श्री सतीश कुमार चड्डा, अनु प्रकाश पत्नी श्री विकास प्रकाश एवं श्री अमन घई एवं श्री आयुष घई दोनों पुत्रगण स्व.श्री रघुवंश घई द्वारा प्रस्तुत शपथ–पत्र में उल्लेख के आधार पर उक्त का नामांतरण श्रीमती रेनू घई पत्नी स्व. श्री रघुवंश घई को दिये जाने का उल्लेख किया गया है। श्रीमती रेनू घई द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र, गवाहों के शपथ–पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं नोटराईज्ड वसीयत के आधार पर उक्त भूखण्ड का नामांतरण/नाम सम्मिलित अपने नाम पर चाहा गया है।

उक्त संबंध में किसी व्यक्ति/उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अन्दर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजो के साथ इस कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष अपनी दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात कोई भी दावा/ आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी, तथा प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**



पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष प्रभात झा ने पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती से उनके निवास पहुंचकर उनसे मुलाकात की। इस दौरान उनकी पत्नी भी उनके साथ थीं।

# श्री महाकाल महालोक का दीदार करने प्रवासी भारतीय पहुंचने लगे उज्जैन

**उज्जैन।** विश्वप्रसिद्ध ज्योर्तिलिंग बाबा महाकालेश्वर मंदिर का विस्तारित परिसर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पित श्री महाकाल महालोक देश ही नहीं अपितु विदेशों में भी काफी चर्चित हो रहा है। इंदौर में 8 से 10 जनवरी तक मध्यप्रदेश सरकार द्वारा प्रवासी भारतीय सम्मेलन के आयोजन में भी श्री महाकाल महालोक छाया रहेगा । वही 11 व 12 जनवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट का आयोजन किया जा रहा है। इन दोनों महते आयोजनों में शामिल होने वाले कई विशिष्ट मेहमानो को श्री महाकाल माहालोक का दीदार एवं बाबा महाकाल के दर्शन करने की अभिलाषा है । इंदौर में आयोजित कार्यक्रम की निकटता के चलते कई प्रवासी भारतीयों का उज्जैन पहुंचना शुरू भी हो गया है । जिला सत्कार अधिकारी एडीएम संतोष टैगोर ने बताया कि प्रवासी भारतीय बंधुओं द्वारा बाबा महाकाल के दर्शन करने संबंधित सूचनाएं प्राप्त होने लगी है, कई एनआरआई बंधुओं को महाकाल मंदिर में तय प्रोटोकॉल के अनुसार दर्शन करवाए भी गए हैं, मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप महाकाल मंदिर समिति सदस्यों द्वारा एनआरआई बंधुओं का स्वागत सम्मान किया जा रहा हैं । आज दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे एनआरआई परिवारों ने श्री महाकाल माहालोक को निहारने में भी काफी समय व्यतीत किया, प्रशिक्षित गाईड एवं, विभिन्न प्रतिमाओं पर लगे क्यूआर कोड के माध्यम से उन्हें मिली जानकारियों एवं ई-कार्ट की व्यवस्था को प्रवासी भारतीयों ने सराहा है ।

गौरतलब है कि जिला कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा कुछ दिनों पहले ही महाकाल कॉरिडोर फेज 2 के कार्यों के निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों को श्री महाकाल माहालोक में साफ-सफाई, आगंतुकों से अच्छा व्यवहार, ई-कार्ट सेवा सहित विभिन्न देशों



से आ रहे प्रवासी भारतीयों के बारे में जानकारी देते हुए समझाइश दी थी एवं उन्होंने त्रिवेणी संग्रहालय के पास प्रवासी भारतीयों के लिए विशेष काउंटर लगाने की बात कही एवं सभी व्यवस्थाओं के बेहतर संचालन के निर्देश दिए थे ।

प्रवासी भारतीय सम्मेलन के दो दिन बेहद अहम रहने वाले है । कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल होना प्रस्तावित है, वही कार्यक्रम के समापन सत्र में राष्टपति द्रोपदी मुर्मू की मौजूदगी रहेंगी । इस कार्यक्रम में दुनियाभर में रहने वाले भारतीय मूल के मेहमान शामिल हो रहे है । वही कई हत्र्द्ध आयोजन में सम्मिलित होने के लिए इंदौर पहुंचने लगे हैं । वे अयोजन स्थल के नजदीकी शहरों एवं प्रसिद्ध स्थलों का भ्रमण कर रहे है ।

11 व 12 जनवरी को ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में देश-दुनिया के उद्योगपति, निवेशक और कारोबारी संगठन हिस्सा लेने आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस बार सरकार का जोर कंफर्म निवेश पर होने से 25 से 45 हजार करोड़ के लिए निवेशक तैयार हो गए हैं। यह निवेश इंदौर, उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर व जबलपुर क्षेत्रों में आने की संभावनाएं बन रही है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में नामी उद्योगपति मुकेश अंबानी, गौतम अडानी के आने की भी उम्मीद जताई गई है। वही इस बार दूसरी पीढ़ी के निवेशकों को भी आमंत्रित किया गया है। ऐसे में 56 किलोमीटर की दूरी पर स्थित श्री महाकाल महालोक को निहारने 65 देशों से प्रवासियों एवं उद्योग जगत की नामी हस्तियों के उज्जैन पहुंचने की संभावनाऐं प्रबल मानी जा रही है। प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, यूडीए, पर्यटन विभाग ने अपनी तैयारियां दुरुस्त की हुई है ।

## 15 मंत्रियों के खिलाफ आरोप पत्र लाएंगे, सीडी पर कहा बाहर आई तो गृहमंत्री पर आंच आएगी: जीतू पटवारी

**भोपाल।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने कहा कि बीजेपी ने 20 साल के प्रयास के बाद भी एमपी को भ्रष्टाचार मुक्त नहीं किया। निवेश के लिए उद्योगपतियों में भरोसा होना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी जनता को गुमराह करना चाहती हैं।

मध्य प्रदेश सरकार 11 और 12 जनवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) का आयोजन कर रही है। इस पर शुक्रवार को कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री जीतू पटवारी और कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष केके मिश्रा ने बीजेपी सरकार पर निशाना साधा पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी ने कहा कि बीजेपी ने 20 साल के प्रयास के बाद भी एमपी को भ्रष्टाचार मुक्त नहीं किया। निवेश के लिए उद्योगपतियों में भरोसा होना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी जनता को गुमराह करना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि हम जल जंगल और मिनरल्स में अव्वल है फिर भी निवेश में सबसे पीछे है। बीजेपी सरकार केवल सत्ता में रहने के लिए झूठे प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि सीएम मंत्री और अधिकारियों ने 15 विदेशी यात्राओ में 11 अरब रुपए खर्च किए। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने विदेश में 9 रोड शो में लगभग 100 करोड़ खर्च किए। पटवारी ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान किसान के बेटे हैं फिर भी पैसे की कीमत नहीं समझते हैं।

**मंत्रियों का काला चिट्ठा खोलेगी कांग्रेस-** पटवारी ने कहा कि सरकार को कितना पैसा इन्वेस्टर्स समिट में लगा, कितना निवेश आया और कितना रोजगार मिल यह सभी बाते व्हाइट पेपर पर लिख कर जनता के सामने रखना चाहिए। पटवारी ने कहा कि कांग्रेस 15 मंत्रियों के खिलाफ करप्शन का आरोप पत्र लगाएगी। उन्होंने कहा कि सभी मंत्रियों का काला चिट्ठा खोला जाएगा।

**सीडी बाहर आई तो गृहमंत्री पर आंच आएगी-** जीतू पटवारी ने गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने निशाना साधा। पटवारी ने सीडी को लेकर मीडिया के पूछे सवाल पर जवाब देने से मना करते हुए कहा कि मेरा गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा से सवाल है। ट्रेलर की सीडी देखते हैं। सीडी में कपड़े देखते हैं। वह कहते हैं कि इस सीडी को कोई बाहर ला दें। जब सीडी बाहर आएगी तो सबसे ज्यादा आंच उन्हीं पर आएगी।

**क्या है सीडी का मामला-** मध्यप्रदेश विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गोविंद सिंह ने उनके पास आरएसएस और बीजेपी नेताओं की सीडी होने की बात कही थी। इसके बाद से सीडी पर प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। पीसीसी चीफ कमलनाथ ने सीडी देखने की बात कहकर मुद्दे को और गरमा दिया। इस मामले में वीडी शर्मा और नरोत्तम मिश्रा सीडी सार्वजनिक करने की बात कह चुके है। मिश्रा ने गोविंद सिंह और कमलनाथ पर तंज कसते हुए कहा था कि भजन करने की उम्र में गजल कर रहे हैं।



## धरमपुरी सीवरेज परियोजना का स्कॉच अवार्ड के लिए प्रेज़ेंटेशन

भोपाल। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी की अतिरिक्त प्रबंध संचालक एवं नगरीय विकास एवं आवास विभाग की अपर आयुक्त श्रीमती रूचिका चौहान ने स्कॉच अवार्ड निर्णायक मंडल को धरमपुरी सीवरेज परियोजना का वर्चुअली प्रेज़ेंटेशन दिया। प्रेज़ेंटेशन के माध्यम से उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश की जीवन रेखा नर्मदा नदी की स्वच्छता निरंतर रखने के लिए धार जिले की धरमपुरी सीवरेज परियोजना प्रभावी साबित हुई है। जनजागरूकता गतिविधियों के माध्यम से धरमपुरी में शतप्रतिशत घरों को सीवरेज कनेक्शन से जोड़ दिया गया है।श्रीमती चौहान ने बताया कि सीवरेज परियोजना के उपरांत धरमपुरी में स्वच्छता और स्वास्थ्य में सुधार देखा गया हैं। यहॉ डायरिया,उल्टी-दस्त, मलेरिया जैसी बीमारियों में कमी आई है।

## हाईकोर्ट के लिए 44 न्यायाधीशों के नामों को दी जाएगी मंजूरी, केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को दी जानकारी



**नई दिल्ली।** जजों की नियुक्ति में केंद्र सरकार की ओर से देरी करने के मामले में आज सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई करते हुए जस्टिस संजय किशन कौल ने अहम टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि मैं जनता हूं कि कॉलेजियम सिस्टम कैसे काम करता था और अब भी वैसे ही काम कर रहा है। इसके आगे उन्होंने इस पर कोई और टिप्पणी करने से इंकार कर दिया। वहीं सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और अभय एस ओका की पीठ को बताया कि अगले 3 दिनों में सरकार की ओर से हाईकोर्ट के लिए 44 जजों के नामों की मंजूरी दी जाएगी और और शनिवार तक सुप्रीम कोर्ट के कॉलेजियम को भेज दी जाएगी। वहीं बाकी जजों के नामों में भी जल्द केंद्र सरकार फैसला लेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार की ओर से अटॉर्नी जनरल के द्वारा दी गई जानकारी पर संतोष जताया है। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने इस केस की सुनवाई के लिए अगली तारीख 3 फरवरी तय की है।

**देश की जिला अदालतों में खाली हैं 5850 पद-** देश की जिला अदालतों में 5850 पद खाली हैं और निचली अदालतों में अभी केवल 19,192 पदों पर ही जज सेवारत हैं। वहीं लोकसभा में एक सवाल का उत्तर देते हुए कानून और न्यायमंत्री किरेन रिजिजू ने बताया था कि जनवरी 2020 से लेकर 19 दिसंबर 2022 तक सुप्रीम कोर्ट में 12 जजों की नियुक्ति की गई है। सुप्रीम कोर्ट में 12 जजों की नियुक्ति के बाद कुल 28 जज सेवारत हैं, जिसमें कुल 30 जजों के पद मंजूर हैं। यानी कि सुप्रीम कोर्ट में भी 6 जजों की कमी है।

**कॉलेजियम के बारे में नहीं दी जा सकती जानकारी-** इससे पहले आरटीआई के जरिए कॉलेजियम सिस्टम के बारे में जानकारी न दिए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिसको शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया था। दरअसल इस याचिका में नए जजों की नियुक्ति को लेकर लिए गए सरकार द्वारा किए गए फैसलों को सार्वजनिक किए जाने की मांग की गई थी, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि बैठकों में क्या चर्चा हुई इसके बारे में जानकारी सार्वजनिक करने की जरूरत नहीं है। केवल अंतिम निर्णय को ही सार्वजनिक किए जाने की जरूरत है।

## बिजली के अवैध उपयोग की सूचना देने पर मिलेगा पुरस्कार

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली चोरी की रोकथाम के लिए इनाम योजना घोषित की है। अवैध उपयोग की सूचना देने पर निर्धारित शर्तों के अधीन पारितोषिक देने का प्रावधान है। सूचना के आधार पर राशि वसूली होने पर सफल सूचनाकर्ता को 10 प्रतिशत राशि का भुगतान किया जाएगा। इस राशि की अधिकतम सीमा नहीं है। बिजली के अवैध उपयोग/चोरी के संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा कंपनी मुख्यालय एवं क्षेत्रीय मुख्यालयों के अलावा क्षेत्रीय महाप्रबंधकों को भी लिखित अथवा दूरभाष पर सूचना दी जा सकती है। सूचनाकर्ता की जानकारी गोपनीय रखने की जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की रहेगी। कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी को सूचनाकर्ता नहीं माना जाएगा। सूचनाकर्ता को प्रोत्साहन राशि का भुगतान कंपनी मुख्यालय से किया जाएगा। प्रोत्साहन राशि सीधे सूचनाकर्ता के बैंक खाते में जमा की जाएगी।

## ग्वालियर व चंबल संभाग के जिलों में नल-जल योजनाओं को मिली मंजूरी

**ग्वालियर।** ग्वालियर-चंबल संभाग में ग्रामीण जल जीवन मिशन के अंतर्गत 547 करोड़ 19 लाख रुपये की 691 योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई है। इनमें 669 नवीन योजनाएं व एक रेस्टोफिटिंग योजना शामिल है। मुख्य अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी आरएलएस मौर्य ने बताया कि ग्वालियर जिले के विकासखंड भितरवार में 34 योजनाओं के लिए 18 करोड़ 57 लाख 32 हजार रुपये, डबरा ब्लाक की 19 योजनाओं के लिए 11 करोड़ 44 लाख 25 हजार रुपये और घाटीगांव ब्लाक की 13 योजनाओं के लिए नौ करोड़ 61 लाख 85 हजार रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

## एडवेंचर स्पोर्ट्स का जीवन में महत्वपूर्ण स्थान: भदौरिया

**भोपाल।** एडवेंचर स्पोर्ट्स का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान है। स्वस्थ और तरोताजा रहने के लिए हमें एडवेंचर स्पोर्ट्स की गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। सहकारिता एवं लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविन्द सिंह भदौरिया शुक्रवार को मध्यप्रदेश कयाकिंग-केनोइंग संघ के दल को वाटर स्पोर्ट्स सेंटर (छोटा तालाब) से रवाना कर रहे थे।

मंत्री डॉ. भदौरिया ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में माँ नर्मदा को स्वच्छ और निर्मल बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में माँ नर्मदा के तटों को निर्मल, स्वच्छ बनाने और पर्यटन के लिए विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। नर्मदा नदी महाराष्ट्र, गुजरात और मध्यप्रदेश के लिए जीवनदायिनी है। नर्मदा जल से मध्यप्रदेश और गुजरात में सिंचाई के साथ पेयजल के लिए पानी की आपूर्ति सुनिश्चित हो रही है। सरदार सरोवर, ओंकारेश?वर और बरगी बांधों से सिंचाई के साथ विद्युत का उत्पादन भी किया जा रहा है। मध्यप्रदेश कयाकिंग-केनोइंग संघ मैराथन रेस की एक नई पहल कर रहा है। मंत्री डॉ. भदौरिया ने कयाकिंग कैनोइंग, मैराथन वाटर रेस, रिवर रॉफ्टिंग के लिए अमरकंटक से भरूच तक नर्मदा नदी के दोनों किनारों पर स्थल निरीक्षण के लिए जा रहे दल को शुभकामनाएँ दी।

मंत्री डॉ. भदौरिया ने नर्मदा परिक्रमा रैकी दल को हरी झंड़ी दिखा कर रवाना किया। श्री बलबीर सिंह कुशवाह के नेतृत्व में दल अमरकंटक से भरूच तक लगभग 3 हजार किलोमीटर की नर्मदा परिक्रमा करेगा।



## मानस भवन में प्रांतीय कुशवाहा समाज का परिचय सम्मेलन

**भोपाल।** प्रांतीय कुशवाहा समाज द्वारा राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन मानस भवन में आयोजित किया गया। इस महिला सम्मेलन को सुप्रीम कोर्ट की वकील समृद्धि कुशवाहा संबोधित किया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष योगेंद्र कुशवाहा, नारायण सिंह कुशवाहा सहित भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुई।

## मिनी ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जिले में बिलखिरिया के रायसेन रोड पर ग्राम जबरनपुरा के पास शुक्रवार दोपहर ईंट से भरे मिनी ट्रक ने बाइक को टक?कर मार दी। बाइक में दंपती और उनके दो मासूम बेटे सवार थे। इस हादसे में बाइक चला रहे पिता और दस साल के बेटे की मौके पर मौत हो गई, जबकि बाइक पर बैठी मृतक की पत्नी और आठ साल का मासूम गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर टक्कर मारने वाले वाहन के चालक की तलाश शुरू कर दी है। बिलखिरिया थाने के एएसआइ रूपेश जादौन के मुताबिक राजेंद्र अहिरवार (40) रतन कॉलोनी करोंद में रहते थे और लोहे की बंधाई का काम करते थे। शुक्रवार दोपहर वह पत्नी पुष्पा अहिरवार और दो बच्चों में अंश (10) और आरव (8) साल के साथ रायसेन के मझदलपुर जाने के लिए बाइक से निकले थे। परिवार बाइक से बाइपास स्थित जबरनपुरा गांव तक पहुंचा ही था कि रायसेन की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ईंट से भरे मिनी ट्रक ने उनकी बाइक को सामने से टक्कर मार दी। हादसा दोपहर करीब दो बजे के आसपास हुआ था। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। टक्कर मिनी ट्रक का वाहन का चालक मौके से भाग निकला। राहगीरों ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को आनंद नगर स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया था। वहां राजेंद्र अहिरवार और बेटे अंश अहिरवार को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया, जबकि पुष्पा अहिरवार और आरव की हालत नाजुक है।

## कर्मचारी संयुक्त मोर्चा ने 24 सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चे के प्रांतीय आह्वान पर अधिकारियों,कर्मचारियों एवं शिक्षकों की विभिन्न लंबित मांगों को लेकर मोर्चे के संरक्षक भुवनेश पटेल और एल एन केलाशिया की अगुवाई में कलेक्टर कार्यालय भोपाल मे अपर कलेक्टर भूपेंद्र गोयल को ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर संयुक्त मार्चे के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र सिंह एवं समस्त प्रदेश पदाधिकारी जिनमें गुलाब सिंह बघेल, महेन्द्र शर्मा,एस बी सिंह, अश्वनी चोबे,एस एस रजक, उपेंद्र कौशल. सतीश शर्मा. अशोक पांडे. एमपी द्विवेदी. . संदीप जैन. राजकुमार चंदेल. पंकज श्रीवास्तव .सुरेंद्र सोलंकी. विजय मिश्रा, राकेश पाण्डेय, महावीर प्रसाद शर्मा .सुभाष शर्मा सहित संयुक्त मोर्चा जिला




भोपाल में शामिल लघु वेतन कर्मचारी संघ, तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ, लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ, वाहन चालक यांत्रिकी कर्मचारी संघ,स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ. मध्यप्रदेश शासकीय शिक्षक संघ . नीयमित शिक्षक संगठन, सहायक /शिक्षक मोर्चा, समग्र शिक्षक संघ. आयुष विभाग. अपाक्स. प्रांतीय शिक्षक संघ के जिला शाखा अध्यक्ष सर्वश्री रामकुंडल सेन,मोहन अय्यर,संजय दुबे, रियाज मोहम्मद,अजीज मोहम्मद खान, जितेन्द्र शाक्य निलेश आर्य. प्रदीप पटेल संगठनों के जिला पदाधिकारी ओर विभागीय समिति के अध्यक्ष उपस्थित रहे।ज्ञापन में पुरानी पेंशन बहाल करने, प्रदेश के अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नतियां शीघ्र प्रांरभ करने, पेंशनरों को केन्द्र के समान डीए एरियर्स का भुगतान करने,वर्ष 2018 में राज्य शिक्षा सेवा में नियुक्त शिक्षक संवर्ग की वरिष्ठता नियुक्ति दिनांक से मान्य करने, सहायक शिक्षक/ शिक्षक को वरिष्ठता एवं शैक्षणिक योग्यता के आधार पर पदोन्नति एवं पदनाम समयमान वेतनमान के आदेश. ग्रेड मैं सुधार एवं अर्जित अवकाश 300 दिन मेरे भुगतान .लिपिक संवर्ग को मंत्रालय के समान सयममान वेतनमान प्रदान करने सहित 24 सूत्रीय मांगे शामिल की गई।

# मानसरोवर काम्पलेक्स, राजीव गांधी बस स्टैंड में वाहनों का होगा ठेका

## मेयर इन काउंसिल की बैठक में विकास कार्यो के प्रस्ताव पर लगी मोहर



**छिंदवाड़ा ।** नगरपालिक निगम में मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर विक्रम अहके की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा की गई और प्रस्ताव पारित किए गए। बैठक में मुख्यमंत्री अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत शहर के विभिन्न स्थानों पर रोड एवं नाली निर्माण कार्य हेतु समयावधि बढ़ाए जाने एवं अतिरिक्त आयटम के वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। वहीं मानसरोवर बस स्टैंड , राजीव गांधी बस स्टैंड में आने जाने वाले वाहनों के अनुरक्षण शुल्क वसूली ठेके पर देने का निर्णय लिया गया। नागपुर रोड स्थित पम्प हाउस में भूमि आवंटन कराए जाने एवं प्रीमियत राशि देय की स्वीकृति हेतु प्रकरण रखा गया ।
प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग के आदेश पर नगरीय निकायों में कार्यो के सुचारू संचालन करने हेतु आवश्यकता अनुरूप नियम में संविदा पदों की भर्ती के संबंध में प्रस्ताव पारित किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत रिक्त एलआईजी एवं एमआईजी भवनों का मूल्य निर्धारण एवं ऑनलाईन निविदा के माध्यम से आवंटन के संबंध में प्रस्ताव पर मुहर लगाई गई। भरतादेव पार्क को विकसित करने तथा पीपीपी मोड पर निविदा आमंत्रित किए जाने, चारफाटक के रेल्वे ब्रिज का नामकरण श्री गुरूनानक सेतु रखे जाने का निर्णय, चारफाटक से सिवनी रोड पर पहुंचने हेतु बनाए गए ओवर ब्रिज से संलग्न कर नरसिंगपुर रोड जाने हेतु ब्रिज निर्माण, , यूनियन बैंक ऑफ इंडिया से लिए गए 35 करोड़ के ऋण का पुर्नभुगतान संचित निधि से किए जाने प्रस्ताव, वैद्य कालोनियों में पार्क विकसित करने , कायाकल्प अभियान के तहत 7 करोड़ के सड़कों की सेद्वांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

## 8 जनवरी को महाकाल की नगरी उज्जैन में पेंशन महाकुंभ का आयोजन



**छिंदवाड़ा ।** पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय आंदोलन - (नेशनल मूवमेंट फॉर ओल्ड पेंशन स्कीम)-जिला छिंदवाड़ा के जिलाध्यक्ष विनोद डेहरिया ने बताया कि 8 जनवरी 2023 को महाकाल की नगरी उज्जैन मैं पेंशन महाकुंभ का आयोजन राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु एवं प्रदेश अध्यक्ष परमानंद डेहरिया जी की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया हैं। जिसमें 2005 के बाद एवं इसके पूर्व नियुक्त पेंशन विहीन अधिकारी कर्मचारियों की एक सूत्र मांग वरिष्ठता के साथ प्रथम नियुक्ति दिनांक से पुरानी पेंशन बहाल की जाए, मध्यप्रदेश में लगातार अधिकारी कर्मचारी पुरानी पेंशन की मांग कर रहे हैं जिससे उनका बुढ़ापे में सम्मानजनक जी सके।ताराचंद भलावी जिला समन्वयक ने कहा है कि छिंदवाड़ा जिले से समस्त विकासखंड के पेंशन विहीन अधिकारी कर्मचारी प्रत्येक विकास खंड से सैकड़ों की संख्या में उज्जैन पहुंचेंगे।

## प्रवीण साहू बने कार्यवाहक जिला अध्यक्ष

### गोंडवाना गणतंत्र पार्टी जिला कार्यकारिणी घोषित



**छिंदवाड़ा ।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी मिशन 2023 को सफल बनाने के उद्देश्य से एवं पार्टी संगठन को गति एवं नई ऊर्जा देने के उद्देश्य से पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की नवीन जिला कार्यकारिणी जिला छिंदवाड़ा गठन करते हुए नवीन सूची जारी की जाती है। साथ ही जिले के समस्त ब्लॉकों के अध्यक्ष भी नियुक्त किए जाते हैं ।

## गुरु जन्म उत्सव एवं प्रकृति उत्सव



**छिंदवाड़ा ।** श्री अपना ध्यान के जनक श्री जमुना प्रसाद श्रीवास्तव (गुरुजी) का अपने ग्रह ग्राम शहडोल से छिंदवाड़ा आगमन पर दोपहर 12 बजे प्रमुख ध्यान प्रशिक्षक रघुवीर रघुवंशी के निज निवास इमलिया बोहता में हुआ उपस्थित साधकों द्वारा गुरुजी का भव्य स्वागत किया गया, शनिवार को गुरु ज जमुना प्रसाद श्रीवास्तव का जन्मदिन का आयोजन गुरु जन्म उत्सव एवं प्रकृति उत्सव के रूप में दोपहर 1 बजे विशेष ध्यान केंद्र सिन्हा रेसिडेंसी के बाजू में त्रिलोकी नगर छिंदवाड़ा में निश्चित किया गया है।

## कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ चौरई ब्लॉक की बैठक

**चौरई ।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ के निर्देश पर 6 जनवरी को विधायक कार्यालय चौरई में कांग्रेस धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक विधायक चौधरी सुजीत सिंह, धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आनंद बक्षी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हरिश्चंद्र पटेल, कार्यकारी अध्यक्ष सुजीत जैन, पर्यवेक्षक आनंद राजपूत, अमरवाड़ा प्रभारी बैजू वर्मा, चौरई प्रभारी प्रभारी प्रीतम पटेल, धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण शर्मा की विशेष उपस्थिति में धर्म एवं उत्सव प्रकोष्ठ की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ व सांसद नकुलनाथ की सोच के अनुरूप सनातन धर्म प्रचार प्रसार व सभी धर्मों को जोड़ने के उद्देश्य से इस महत्वपूर्ण बैठक में सभी धर्मों के कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर कार्यक्रमों को संपन्न कराने को लेकर चर्चा की गई साथ ही चौरई नगर में होने वाले पंचकल्याणक कार्यक्रम पूज्य गुरुदेवजनों के आगमन पर की आगवानी की जायेगी साथ ही पंचकल्याणक कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर भी चर्चा की गई व संगठन की कार्यकारिणी के विस्तार बाबद भी चर्चा की गई।

## विद्युत विभाग के अधिकारी की लापरवाही से कर्मचारी झुलसा

**छिन्दवाड़ा ।** जिले के सिंगोड़ी विद्युत वितरण केंद्र में संविदा जेई डिक्सन सिंग की लापरवाहीपूर्ण कार्यप्रणाली के चलते एक और कर्मचारी बिजली के करेंट से झुलसा। ईश्वर की कृपा से उसकी जान बच गई। छिन्दवाड़ा में घायल का इलाज चल रहा है। जितेंद्र चौहान ने बताया अधीक्षण यंत्री ने ध्यान नही दिया कोई बड़ी घटना घटने से इनकार नही किया जा सकता क्योकि जेई का अपने अधिनस्त छोटे कर्मचारियों की सुरक्षा के प्रति कोई ध्यान नही रहता, इनका पूरा ध्यान क्षेत्र में अवैध वसूली में लगा रहता है, जितेंद्र चौहान ने बताया वे इसकी शिकायत जबलपुर में उच्चाधिकारियों को करेंगे और घटना से अवगत कराया जाएगा । उन्होंने आरोप लगाया कि डिक्सन सिंग के कार्यकाल में ये तीसरी घटना है पूर्व में जामई में एक किसान के खेत मे इनके लापरवाही के कारण करंट से मौत हो चूकी तथा एक वर्ष पूर्व हिवरखेड़ी में एक ऑपरेटर की करंट से मौत हुई एक और कर्मचारी करंट से झुलस गया । गैरजवाबदार जेई को हटाया नही गया तो विभाग के पीएस एवम मुख्यमंत्री को अवगत कराया जाएगा।

## पूर्व विधायक झनकलाल ठाकुर का निधन

### राज्यपाल सुश्री उइके ने जताया शोक



**छिंदवाड़ा।** जिले की दमुआ विधानसभा के पूर्व विधायक झनक लाल ठाकुर का दु:खद निधन हो गया उनके निधन पर छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उईके ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि श्री ठाकुर बाबू जी के नाम से प्रसिद्ध थे। जनजातीय समाज के उत्थान के लिए उनके प्रयास अतुलनीय थे। उन्होने ईश्वर से प्रार्थना कि उन्हें मोक्ष की प्राप्ति हो तथा इस दुख की घड़ी में उनके परिवारजनों कोा संबल प्रदान करें।

## धर्मनाथ भगवान का ज्ञान कल्याणक मनाया

### आदिनाथ जिनालय में हुई अष्ट प्रातिहार्य की स्थापना



**छिन्दवाड़ा ।** पौष शुक्ल पूर्णिमा शुक्रवार के शुभ दिन अहिंसा स्थली गोल गंज स्थित श्री आदिनाथ दिगम्बर जिनालय में मुमुक्षु मण्डल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन के जिनशासन सेवक श्रावक-श्राविकाओं ने 1008 तीर्थंकर धर्मनाथ भगवान का मंगलकारी ज्ञान कल्याणक महोत्सव मनाकर विविध अनुष्ठानों में हिस्सा लिया। इस अवसर जबलपुर से पधारे युवा विद्धवान बाल ब्रह्मचारी डॉ. मनोजकुमारजी जैन के मंगल सानिध्य में श्री जिनेन्द्र पूजन, श्री धर्मनाथ पूजन के साथ श्री रत्नत्रय विधान का मंगलमय आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विद्धवान पण्डितश्री अशोक जैन, ऋषभ शास्त्री, विवेक जैन सहित डॉ. के. सी. जैन, फेडरेशन सचिव दीपकराज जैन, सचिन जैन, आशीष कौशल, विशाल जैन, श्रेय सिंघई, अभिनीत जैन के साथ बड़ी संख्या में श्रावकगण उपस्थित रहे। सभी ने भक्ति भाव पूर्वक सम्यक दर्शन - सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चारित्र ऐसे मंगलकारी रत्नत्रय की पूजन कर मंगल प्रवचनों में उनका स्वरूप जाना।

**अष्ट प्रातिहार्य की हुई स्थापना**-श्री आदिनाथ जिनालय की मनोहारी वेदी पर धर्मनिष्ठ श्राविका श्रीमती सुशीला सिंघई एवं श्रीमती स्वाति सिंघई की स्मृति में उनके परिजन सिंघई धन्यकुमार, सुनीलकुमार, संजयकुमार, संजीवकुमार जैन सत्कार परिवार द्वारा मंगलकारी अष्ट प्रातिहार्य सहित चार मंगलकारी चँबर विराजमान कर जिनशासन की मंगलमय प्रभावना की गई।

**मंगल प्रवचन का मिला लाभ**-इस अवसर पर स्वाध्याय भवन में बाल ब्रह्मचारी डॉ. मनोज जैन जबलपुर वालों ने रत्नत्रय विधान की जयमाल पर प्रवचन करते हुए कहा कि यह मनुष्य जन्म भव का अभाव करने के लिए मिला है अत: इसे विषय भोगों में नष्ट मत करो। जैसे बने तैसे आत्म कल्याणक का मार्ग प्रशस्त कर दिगम्बर महामुनिराज बनकर आत्मा से परमात्मा बनने वाले मोक्ष मार्ग पर चलों। जिसका शुभारंभ सम्यक दर्शन - सम्यक ज्ञान एवं सम्यक चरित्र रूप रत्नात्रय से होगा अत: इस हेतु सच्ची समझ पैदा करो तब ही इस महान एवं उत्तम कुल को पाना सार्थक होगा।

## अध्यक्ष संजय पुनहार ने बरारिया सिरगौरी खुर्द पहुंच कर जनसमस्या सुनी



**परासिया ।** ग्राम पंचायत क्षेत्र में बेहतर विकास के लिए लगातारसक्रिय भूमिका निभाने वाले जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार विकास जनपद पंचायत की अधिकांश ग्राम पंचायतों में दौरा कर रहे हैं ।इसी तारतम्य में जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुनहार गुरूवार दिन ग्राम पंचायत बरारिया और सिरगोरी खुर्द दौरे में पहुंचे जहां सरपंच मोहन कहार , सिरगौरी खुर्द सरपंच श्रीमती चित्रा डेहरिया और ग्रामीणों से मिलकर समस्याएं सुनी जिसमें ग्राम पंचायत बरारीया में जल जीवन मिशन के कार्य में ठेकेदार की लापरवाही पर चर्चा की गई इसके अलावा तालाब निर्माण, स्कूल में बाउंड्री प्रांगण में बाउंड्री वाल और सीढी निर्माण, सीसी सड़क निर्माण जैसी निर्माण कार्यों के लिए अध्यक्ष महोदय ने शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया। ग्राम पंचायत सिरगौरी खुर्द की सरपंच श्रीमती चित्रा डेहरिया ने सिरगौरी खुर्द के पास पेच नदी नदी के कटाव रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाने की बात कही जिला पंचायत अध्यक्ष ने सब इंजीनियर को इस संबंध में एस्टीमेट तैयार कर समस्या को हल करने की बात कही, इसके अलावा हथियागढ़ से नवेगांव सिर गौरी खुर्द सड़क निर्माण की भी बात की गई। ग्राम की मूलभूत सुविधाओं हल करने पर भी चर्चा की गई।

## फिल्टर प्लांट मैं 5 वर्षो से काम कर रहे 8 कर्मचारियों को निकाला,

### नगर कांग्रेस कमेटी ने सौंपा ज्ञापन



**अमरवाड़ा ।** नगर कांग्रेस कमेटी ने फिल्टर प्लांट में 5 वर्षो से काम कर रहे निकाले गए मजदूरों को नियुक्ति प्रदान करने के लिए अनुविभागीय अधिकारी के नाम तहसीलदार छवि पंत को सौंपा ज्ञापन प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद चौरसिया ने बताया कि अमरवाड़ा के फिल्टर प्लांट में विगत 5 वर्षो से काम कर रहे 8 कर्मचारियोंनीरज वर्मा, प्रदीप कुचे, राजा वर्मा, मानक वर्मा, विपुल वर्मा, उमेश उईके श्री ओम वर्मा, अरविंद उईक, को बिना किसी कारण के निकाल दिया गया है और उनके स्थान पर नए कर्मचारियों की नियुक्ति कर दी गई है कर्मचारी अब बेरोजगार हो गए हैं जिन्हें अपने परिवार का भरण पोषण करने में काफी परेशानी हो रही है कर्मचारियों ने बताया कि बिना किसी कारण के हमें निकाल दिया गया है हमने इसकी शिकायत पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ से भी की थी साथ ही नगर कांग्रेस कमेटी के साथ अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय आकर ज्ञापन सौंपकर फिर से नियुक्ति देने की मांग की जा रही है अगर जल्द ही हमें नियुक्ति प्रदान की नहीं की जाती तो हम उग्र आंदोलन करेंगे

## 24 सूत्रीय मांगों को लेकर अधिकारी कर्मचारी मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**छिंदवाड़ा ।** मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष सतीश गोंडाने के नेतृत्व में आज 24 सूत्री मांगों जिसमें मुख्य रूप से पुरानी पेंशन बहाली अधिकारी कर्मचारियों की पदोन्नति शीघ्र किए जाने पेंशनरों को डीए का भुगतान, लिपिकों को वेतनमान ,मंत्रालय के समान समयमान वेतनमान दिए जाने शिक्षक वर्ग दैनिक वेतन भोगी संविदा कर्मचारी आउट सोर्स स्थाई कर्मी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों नगर पालिका निगम में कार्यरत कर्मचारियों पंचायत सचिव पटवारियों वन विभाग के कर्मचारी और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, निर्माण विभाग के कर्मचारियों, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद नाम परिवर्तन आयुष विभाग के कर्मचारियों आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को लाभ दिए जाने अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का निराकरण किया जाने ,अतिथि शिक्षक अतिथि विज्ञानों को नियमित किए जाने एवं आशा कार्यकर्ताओं को ?10000 प्रतिमाह दिए जाने आदि मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया है। प्रेस से चर्चा के दौरान जिलाध्यक्ष सतीश गोंडाने द्वारा बताया गया कि विगत तीन वर्षों से कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली बहाली के लिए आंदोलन किए जा रहे हैं और वर्तमान में निरंतर अभी मोर्चे के सहयोगी शिक्षक संगठनों द्वारा आंदोलन जारी है किंतु शासन स्तर पर इस संबंध में कोई बात करने का तैयार नहीं छत्तीसगढ़ पंजाब हिमाचल प्रदेश झारखंड राजस्थान मैं इसे बहाल किया गया हैकिंतु मध्य प्रदेश में बार-बार आंदोलन के बावजूद भी सरकार इस और ध्यान नहीं दे रही है साथ ही वर्षों से रुकी पदोन्नति की कार्रवाई मंत्री परिषद की बैठक के बावजूद भी पूर्ण नहीं हो पाई ना ही पदोन्नति के आदेश जारी किए गए जिसके कारण काफी कर्मचारी अधिकारी सेवानिवृत्त हो गए हैं और उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है । इस तरह लिपिको की वेतन विसंगति एवं मंत्रालय के समान समय मान वेतनमान की मांग भी पूर्ण नहीं हो पाई है ।आउट सोर्स कर्मी स्थाई कर्मी दैनिक वेतन भोगी कर्मी संविदा स्वास्थ्य संविदा कर्मी की मांगों को भी शासन स्तर पर पूर्ण नहीं किया जा रहा है । अगर शासन द्वारा कर्मचारियों की लंबित मांगें पूर्ण नहीं की गई तो 20 जनवरी को संभागीय स्तर पर एवं 29 जनवरी को प्रदेश स्तर पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम किया जाएगा और उसके पश्चात उग्र आंदोलन पूरे प्रदेश में किया जाएगा । ज्ञापन के दौरान संयुक्त मोर्चे में शामिल सभी 63 संगठनों के जिला अध्यक्ष पदाधिकारी एवं कर्मचारी साथी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

## म.प्र.पेंशनर्स ने भूख हड़ताल कर मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**छिन्दवाड़ा ।** म.प्र.पेंशनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री ओ.पी.बुधोलिया के नेतृत्व में अपनी लंबित विभिन्न मांगों को लेकर छिन्दवाड़ा के पेंशनर्स सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक भूख हड़ताल इंदिरा प्रियदर्शनी पार्क में धरना प्रदर्शन कर शाम 4 बजे कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह जी चैहान को ज्ञापन सौंपा गया। विभिन्न मांगों में केन्द्र के समान उसी तिथि से मंहगाई भत्ते, चिकित्सा भत्ता, मंहगाई राहत एवं एरियर्स 2732 माह के,पेंशनर्स को आयुष्मान कार्ड की सुविधा दी जाने, उच्च एवं उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेशों के पालन आदेशों की प्रतिक्षा कर अन्य विकल्प नहीं होने के कारण एक दिवसीय भूख हड़ताल करने के लिये बाध्य होना पड़ा ।

सांसद कप टूर्नामेन्ट

## हाउसिंग बोर्ड क्लब ने एम आर इलेवन को 4 विकेट से हराया

### सर्कुलर बॉयज क्लब ने राजा कमलेश शाह क्रिकेट क्लब अमरवाड़ा को 97 रनों से हराया



**छिन्दवाड़ा ।** टूर्नामेंट के उपाध्यक्ष सचिन वानखेड़े ने बताया कि* आज का पहला पहला मैच हाउसिंग बोर्ड क्लब छिंदवाड़ा व एम आर इलेवन छिन्दवाड़ा के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए एम आर इलेवन क्लब ने 20 ओवर के 8 विकेट पर 127 रन बनाए। जिसमे 38 रन जितेंद्र तिवारी व 26 रन पंकज मालवी ने बनाये। हाउसिंग बोर्ड क्लब के गेंदबाज रोहन ठाकुर ने 3 विकेट लिए।128 रनों के लक्ष्य को हाउसिंग बोर्ड क्लब ने 18.1 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया। मैन ऑफ द मैच रोहन ठाकुर को प्रदान किया गया। वहीं दूसरा मैच सर्कुलर बॉयस छिंदवाड़ा वारराजा कमलेश का क्रिकेट क्लब अमरवाड़ा के मध्य खेला गया पहले बल्लेबाजी करते हुए सर्कुलर बॉयस ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट पर180 रन बनाएं। जिसमे सर्वाधिक 68 रन अंचित ठाकुर व 59 रन अंशु वर्मा ने बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजा कमलेश शाह क्लब अमरवाड़ा 14.5 ओवर में 87 रनों पर ऑल आउट हो गयी। मैच 93 रनों से सर्कुलर बॉयज क्लब ने जीता । सर्कुलर बॉयज के गेंदबाज अंचित ठाकुर व श्रीमंत पाटणकर ने 3-3 विकेट लिए।मैच में अंपायर शैलेंद्र व शुभम मंडराह रहे।थर्ड अंपायर हिमांशु जायसवाल रहे। स्कोरर डीके राय चौधरी व निखिल चोखे रहे।कॉमेंट्री श्रांत चन्देल द्वारा की गई।

**आज के मैच**

आज का पहला मैच सुबह 8:30 बजे से सिम्स क्लब छिंदवाड़ा व एसीसी क्लब छिंदवाड़ा के मध्य खेला जाएगा।वही आज का दूसरा मैच 12 बजे से सीसीए क्लब छिंदवाड़ा व कन्हान क्लब के मध्य खेला जाएगा।

## सौंसर-नरखेड़ बड़ी रेल लाइन के बन जाने से रेल्वे को 150 किलो मीटर की बचत होगी

### सौंसर के पूर्व विधायक अजय चौरे ने रेल मंत्री को लिखा पत्र

गोविन्द चौरसिया





**छिंदवाड़ा ।** छिंदवाड़ा-आमला-पांढुर्ना-नरखेड़ जाने के लिए रेल्वे को 240 कि.मी. का सफर करना पड़ता है, यदि रेल्वे सौंसर-नरखेड़ बड़ी रेल लाईन का निर्माण करेगा तो 150 कि.मी. की बचत होगी इससे जबलपुर से छिंदवाड़ा-नरखेड़ होते हुये मुम्बई का सफर सीधा होगा। अभी रेले जबलपुर-आमला-पांढुर्ना-नागपुर होते हुये मुंबई जाती है।
सौंसर के पूर्व विधायक भाजपा नेता ने बताया कि उन्होने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मांग की है कि सौंसर से नरखेड़ रेल लाईन निर्माण की स्वीकृति दी जावे सौंसर से नरखेड़ की दूरी मात्र 40 कि.मी. है। छिंदवाड़ा-सौंसर-नागपुर बड़ी रेल लाईन का निर्माण होकर उसका संचालन भी प्रारम्भ हो गया है।
सौंसर से नरखेड़ बड़ी रेल लाईन का इस बजट में स्वीकृति मिलती है, तो इससे रेल्वे को मुम्बई की ओर जाने में लगभग 150 कि.मी. की बचत होगी। अजय चौरे ने बताया कि वे इस संबंध में शीघ्र ही रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवी से मिलेंगे, जिससे आने वाले बजट में इस रेल लाईन के लिए बजट में राशि का प्रावधान किया जा सके।
रेल्वे ने जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया बड़ी रेल्वे लाईन का निर्माण कर 363 कि.मी. की बचत की है। वर्तमान यह रूट जबलपुर से ईटारसी-अमला-नागपुर-गोंदिया था जो लगभग 603 कि.मी. पड़ता है, जबकि जबलपुर-नैनपुर-बालाघाट गोंदिया की दूरी 240 कि.मी. है।
जबलपुर-नैनपुर-गोंदिया रेल लाईन प्रारम्भ होने से प्रतिदिन 40-50 मालगाडियां प्रतिदिन जा रही है और धीरे-धीरे लम्बी दूरी की पैसेन्जर रेल यहां से जा रही है।
सौंसर-नरखेड़ बड़ी रेल लाईन के बन जाने से जबलपुर से मुम्बई की ओर जाने वाली रेलों की दूरियां कम होगी।
छिंदवाड़ा-नैनपुर बड़ी रेल लाईन तो बन गई है, किन्तु सिवनी-भोमा का विद्युतिकरण होना है, जो संभवत: जनवरी के अन्त तक पूरा हो जावेगा, जिसके कारण यहां से कई बड़े शहर जुड़ जावेगे और छिंदवाड़ा एक बड़ा जंक्शन हो जावेगा।

### सांसदों को संयुक्त प्रयास किया जाना चाहये

इस संबंध में जबलपुर, मंडला, बालाघाट एवं छिंदवाड़ा के सांसदों को संयुक्त प्रयास किया जाना चाहिये, जिससे रेल्वे पर दबाव पड़ सके और इस बजट में सौंसर-नरखेड़ रेल लाईन को जोड़ा जा सकें।

### पूर्व मुख्यमंत्री भी दबाव बनाये

पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ इस संबंध में रेल मंत्री को पत्र व्यवहार करेंगे तो इसका असर होगा, सौंसर-नरखेड़ रेल लाईन के बनने से यातायात सुगम और सस्ता होगा। इससे सड़क यातायात पर दबाव कम होगा, जिससे विदेशी मुद्रा की बचत होगी।

## मसाला व्यापारियों के लिए प्रशिक्षण

**छिन्दवाड़ा।** स्पाइस बोर्ड के प्रादेशिक कार्यालय गुना द्वारा मसाला व्यापारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गांधी गंज लाइब्रेरी छिंदवाड़ा में किया गया। इस कार्यक्रम में स्पाइस बोर्ड गुना के निर्यात संवर्धन अधिकारी आशीष जायसवाल ने स्पाइस बोर्ड के उद्देश्य व उससे होने वाले लाभ और निर्यातक बनने की प्रक्रिया को बताया व लहसुन की गुणवत्ता सुधार के संबंध में अपनी बात रखी ।

## विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु बहुत जरूरी एनएसएस: चंदेलकर


### स्वयंसेवकों को प्रदान किये गये बी व सी प्रमाण पत्र



**छिंदवाड़ा ।** शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एनएसएस नव प्रवेशित छात्र छात्राओं के लिए महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पी.आर.चंदेलकर की अध्यक्षता एवं संरक्षण में राधाकृष्णन सभागार पर एक दिवसीय अभिमुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ.पी.आर.चंदेलकर ने एनएसएस को विद्यार्थी जीवन में सर्वांगीण विकास का माध्यम बताया। कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र साहू ने एनएसएस को व्यक्तित्व विकास का सशक्त माध्यम बताया साथ ही पुरे विगत सत्र का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ.निधि डोडानी ने एनएसएस को व्यक्ति के सर्वान्गीण विकास हेतु उपयोगी बताया कार्यक्रम में नव प्रवेश के छात्र-छात्राओं को एनएसएस के द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियां, विशेष शिविर, परेड, उद्देश्य एवं एनएसएस के संदर्भ में महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की अधिकारिक जानकारी देते हुए वर्तमान टीम लीडर चंचलेश डेहरिया ने एनएसएस कैंप व प्रमाण पत्र के सन्दर्भ में विस्तृत जानकारी दी, वरिष्ठ स्वयं सेविका रेशमी उइके द्वारा एनएसएस के बैच व इतिहास के बारे में बताया गया, एनएसएस के नारों के बारे में जानकारी देते हुए तथा अपने एनएसएस के अनुभव साझा किया।

## किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने

### सौंसर फार्मर प्रोड्यूसर का 8 जनवरी को शुभारम्भ




**छिंदवाड़ा/सौंसर ।** सौंसर फार्मर प्रोड्यूसर कम्पनी लि. के प्रमोटर अजय चौरे ने बताया कि आठ जनवरी को सौंसर विधानसभा के ग्राम रिधोरा में किसानों के फल, सब्जियां, दूध एवं अन्य उत्पादों को उचित दाम मिलने हेतु केन्द्र सरकार की योजना के अंतर्गत सौंसर में एफ.पी.ओ. की शुरूवात होगी, जिसके अन्तर्गत सुबह 9 बजे से 5 बजे तक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें सुबह 9 से 12 बजे तक संविधान पर प्रश्न पत्र होगें, जो अमोल रंगारे करेंगे।
12 बजे से 3 बजे तक किसान संगोष्ठी होगी, जिसका आयोजन अनिकेत चौरे, यश राऊत एवं भूषण महाजन करेंगे। दोपहर 3 से 5 बजे तक संतरांचल की धार्मिक सामाजिक संस्थाओं के प्रबोधन कारो, प्रतिनिधियों का सत्कार होगा। श्रीमती यामिनी अनिकेत चौरे ने समस्त कृषकों एवं अन्य बन्धुओं से अपील की है कि वे कार्यक्रम में भाग लेवे।

8 जनवरी को किसान उद्यम दिवस होगा, किसानों का मार्ग दर्शन युवा उद्योगपति राहुल परमार होगे।अजय चौरे ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा किसानों की पेरशानियों को देखते हुये 2015 में चित्रकुट में देश के दस हजार किसान समूह बनाने का निर्णय लिया था, जिसमें सौंसर में एक है। इसमें कृषको को कई सुविधायें मिलेगी जैसे ऋण, कुएं एवं टयूब वैल का रिचार्ज कराना, बंजर जमीन में उत्पादन बढाना।

सौंसर एफ.पी.ओ नागपुर से जुड़ जावेगा जिसमें नागपुर के 22 लाख उपभोक्ता जुड़े है। सौंसर में 100 एकड़ जमीन एवं 20 हजार वर्ग के गोदाम 2 लाख वर्ग फिट के गोदाम बनाने की योजना है। एफ.पी.ओ से जुड़ने के लिए कृषको को 10 रूपए मूल्य के 100 शेयर लेना होगा, इसके अलावा अन्य अधिक सुविधायें है, जिससे कृषको का लाभ हो एवं उत्पादन बढ़ सके।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

मध्यप्रदेश शासन

आज़ादी का अमृत महोत्सव



# खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022

मध्य प्रदेश



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

30 जनवरी – 11 फरवरी 2023

शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



## 13 दिन
## 27 खेल
## 9 शहर
## 23 गेम वेन्यू
## 6000+ खिलाड़ी

## शिवराज सिंह चौहान

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
के मुख्य आतिथ्य में
खेलो इंडिया यूथ गेम्स, मध्यप्रदेश–2022 की
**मशाल, शुभंकर एवं थीम साँग लॉन्च का**

## भव्य आयोजन

गरिमामयी उपस्थिति

**निसिथ प्रामाणिक**
केन्द्रीय राज्यमंत्री,
गृह व युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय

**यशोधरा राजे सिंधिया**
मंत्री, खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा,
कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, मध्यप्रदेश शासन

7 जनवरी 2023 को सायं 5:30 बजे । शौर्य स्मारक, अरेरा हिल्स, भोपाल

आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

## हिन्दुस्तान का दिल धड़का दो!

खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश

खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश

D-11187/22

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी